• जयपुर, सोमवार 27 अप्रैल 26 • वर्ष 15 • अंक 182 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जज-रेफरी बैठक में जिला योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर रणनीति तय...
पेज @4 किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में बोर्ड परीक्षा मेधावी विद्यार्थियों का भव्य...
पेज @8 राजस्थान को एक वर्ल्ड-क्लास पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना...

# ममता बनर्जी के पैसे देकर भीड़ जुटाने के आरोपों को अमित शाह ने बताया बेबुनियाद, बोले-आप भी किसकी बात सुन रहे हो



**बेहाला ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर होने वाली वोटिंग को लेकर सोमवार शाम चुनाव प्रचार को शोर थम जाएगा। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बेहाला पश्चिम में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि बंगाल के आखिरी चरण का मतदान नया इतिहास बनाएगा। हर एक वोट परिवर्तन की मजबूत नींव रखेगा और बंगाल में कमल खिलेगा।

इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए इस आरोप पर कि भाजपा अपनी रैलियों में भीड़ बढ़ाने के लिए पैसे देकर बाहरी राज्यों से समर्थक ला रही है, पर प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, पहले आप रोड शो में इस भीड़ को देखिए, क्या इतनी भीड़ बाहर से आ सकती है? ममता बनर्जी जो आरोप लगा रही हैं, उसमें जरा सी भी सच्चाई नहीं है। उनकी बातों को नहीं सुनना चाहिए।उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'क्या यार, आप भी ममता बनर्जी की बात सुन रहे हो। दरअसल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 5 अप्रैल को कहा था कि भाजपा अन्य राज्यों से लोगों को लाकर और पैसे देकर रैलियों में भीड़ जुटा रही है, ताकि चल रहे विधानसभा चुनावों को प्रभावित किया जा सके। चुनाव के दौरान भाजपा-टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत को लेकर अमित शाह ने कहा कि कहीं भिड़ंत नहीं हो रही है।

चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है। बंगाल को जो लोग जानते हैं, वे जानते हैं कि पूर्व के चुनावों में कैसे हिंसा होती थी। इस बार शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हो रहा है। अमित शाह ने कहा कि हम बंगाल में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतने जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान संपन्न हो चुका है और वोटिंग प्रतिशत 92 प्रतिशत के पार रहा है। इस दौरान कुछ जगहों पर छिटपुट हिंसा की खबरें भी सामने आई थीं। अब 29 अप्रैल को दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर मतदान होना है। सोमवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है और इसे देखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा मेरी पहली प्राथमिकता: दीपक सिंह

**कोलकाता।** विधानसभा चुनाव की लड़ाई में जोड़ासांको से कांग्रेस के उम्मीदवार दीपक सिंह ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए क्षेत्र के विकास का नया खाका पेश किया है। एक विशेष बातचीत के दौरान दीपक सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी राजनीति वोट मांगने की नहीं, बल्कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं के साथ ही शिक्षा और रोजगार के बाढावा देना उनकी प्राथमिकता होगी।



**शिक्षा और रोजगार के लिए उठाएंगे कदम :** कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा कि अगर जोड़ासांको की जनता मुझे चुनती है तो मैं सर्वप्रथम वार्ड में शिक्षा के स्तर को दुरुस्त करने के साथ ही युवाओं माताओं व बहनों को स्वनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठायेंगे। ताकि बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र के बंद हुए शिक्षा प्रतिष्ठानों खोलने तथा उनके आधुनिकीकरण पर जोर दूंगा।

**क्षेत्र के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का सुंदरीकरण :** जोड़ासांको की धरती गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की धरती है। गुरुदेव के जन्मस्थान के साथ ही इस क्षेत्र में कई ऐतिहासित मंदिर व मस्जिदें हैं। उनके आसपास की साफ सफाई और सुंदरीकरण करना चाहता हूं ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। क्षेत्र के कई मार्केट जैसे वर्ण परिचय और मछुआ बाजार, बड़ा बाजार जैसे इलाकों में व्यापारियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे। कई क्षेत्रों में पार्किंग की भी समस्या है। उसे भी दुरुस्त करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मैं बतौर एक विधायक कम और एक बेटा, एक भाई के तौर पर लोगों के साथ मिल कर उनकी समस्याओं को दूर करना चाहता हूं। कांग्रेस ही सही मायने में विकास,शिक्षा रोजगार दे सकती है।

# हुगली के गोघाट में तृणमूल सांसद मिताली बाग की कार में तोड़फोड़

● हॉस्पिटल में चल रहा इलाज, मिलने पहुंचे अभिषेक

**हुगली।** हुगली के गोघाट में आरामबाग से तृणमूल MP मिताली बाग पर हमला हुआ। आरोप है कि सोमवार दोपहर उनकी कार में तोड़फोड़ की गई। तृणमूल MP ने BJP के बदमाशों पर हमला करने का आरोप लगाया है। इस घटना में वह घायल हो गईं।



उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। तृणमूल के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी अभिषेक बनर्जी घायल MP को देखने आरामबाग मेडिकल कॉलेज गए थे। हालांकि, BJP ने हमले के आरोपों से इनकार किया है। आरामबाग के पूर्व BJP अध्यक्ष और पुरशुरा से BJP उम्मीदवार विमान घोष ने पलटवार करते हुए कहा, ''यहां उम्मीदवार प्रशांत दिगार के समर्थन में प्रचार चल रहा था। उस समय, गोघाट के एक तृणमूल नेता संजय खान के नेतृत्व में कुछ बदमाशों ने हमारे कार्यकर्ताओं पर लाठी, ईंट, रॉड और बंदूकों से हमला किया। 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुल 50 लोग घायल हुए। BJP उम्मीदवार की कार में तोड़फोड़ की गई। घटना को छिपाने के लिए मिताली बाग का ड्रामा कर रही हैं। सोमवार को मिताली अभिषेक बनर्जी की मीटिंग में शामिल होने जा रही थीं। आरोप है कि उस समय उनकी कार पर हमला हुआ। मिताली ने सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीमिंग करके हमले की घटना की जानकारी दी। उनका दावा है कि वह अभिषेक बनर्जी के कार्यक्रम में जाने के लिए घर से कार में आरामबाग के लिए निकली थीं। उस समय, BJP के बदमाशों ने कथित तौर पर गोघाट में उनकी कार पर हमला किया। तृणमूल सांसद ने रोते हुए कहा, ''देखो BJP के बदमाशों ने कार में कैसे तोड़फोड़ की। वोटिंग अभी शुरू नहीं हुई है। देखो कैसे एक महिला की आवाज दबाई जा रही है। मिताली ने आगे आरोप लगाया कि पूरी कार में कांच के टुकड़े बिखरे हुए थे। कांच के टुकड़े उनके शरीर पर लगे। पूरी कार टूट गई। जहां BJP उम्मीदवार प्रशांत दिगार का ऑफिस है, वहां उनकी कार रोकी गई और उन पर डंडों और बंदूकों से हमला किया गया। उनके शब्दों में, मैं गोघाट और आरामबाग के लोगों से कहूंगी, आप देख सकते हैं कि वे कैसे मुंह बंद करने की कोशिश कर रहे हैं। जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि एकजुट होकर बैलेट बॉक्स में वोट दें और साबित करें कि मां, माटी और लोगों की पार्टी पीछे हटना नहीं जानती। तृणमूल हार मानना नहीं जानती। इसके बाद, तृणमूल सांसद ने चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग, आप आरामबाग आए और कहा कि तृणमूल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग, आपको इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। मेरा पूरा शरीर कांच के टुकड़ों से ढका हुआ है। इस तरह, वे गोघाट और आरामबाग की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं' मिताली ने बार-बार यह पूछते हुए आयोग पर हमला किया कि कार पर हमला क्यों किया गया। उन्होंने लाइव स्ट्रीमिंग की। वह कार में बैठ गईं। तृणमूल MP ने कहा, 'उन्होंने मुझे मारने की कोशिश की। उन्होंने चेतावनी दी कि तृणमूल किसी भी तरह से हार नहीं मानेगी। इसके बाद, वह चिल्लाते हुए बोलीं, 'इलेक्शन कमीशन, क्या आप देख सकते हैं कि एक महिला को कैसे टॉर्चर किया गया। इलेक्शन कमीशन, आपको इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

# पिछले 15 वर्षों में टीएमसी ने बंगाल को किया कंगाल: मुख्यमंत्री योगी

**हुगली।** पश्चिम बंगाल के धानेखाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल की वर्तमान स्थिति पर तीखा प्रहार किया। सीएम योगी ने कहा कि कभी कला, साहित्य और औद्योगिक समृद्धि के लिए पहचान रखने वाला बंगाल आज बदहाली की ओर धकेल दिया गया है। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी सरकारों और पिछले 15 वर्षों से टीएमसी ने बंगाल को कंगाल कर दिया है। जब हम जय श्रीराम या हर-हर महादेव का नारा लगाते हैं तो ममता दीदी डर जाती हैं। उन्हें सत्ता हिलती हुई नजर आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की इस पावन धरा ने श्री चैतन्य महाप्रभु को जन्म दिया, जिन्होंने हरि-कीर्तन के माध्यम से हरे राम-हरे कृष्ण का शंखनाद किया था। इसी धरा में स्वामी विवेकानंद ने दुनिया के हिंदुओं को संदेश दिया था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। आज जब टीएमसी सरकार बंगाल की डेमोग्राफी को साजिश के तहत बदलने की कोशिश कर रही है, तब स्वामी विवेकानंद जी का यह उद्घोष हम सबको एक नई प्रेरणा दे रहा है। यह बंगाल की धरा है, जिसने भारत के युवाओं की भुजाओं में नया जोश भरने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान नेता को जन्म दिया। सीएम योगी ने कहा कि नेताजी ने कहा था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। वह बंगाल, जो कभी कला और साहित्य के कारण भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहलाता था और अपने कल-कारखानों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन था, उस बंगाल में ममता दीदी 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' का नारा लगाने पर नाराज हो जाती हैं। उन्हें अपनी सत्ता हिलती दिखाई देने लगती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल में तारकेश्वर में भगवान तारकनाथ के दर्शन करके आया हूं। अगर यहां डबल इंजन की भाजपा सरकार होती, तो तारकनाथ मंदिर में



काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर बनता, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलती और एक-एक व्यापारी को भी व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय करने का अवसर प्राप्त होता। बंगाल में भारत की सनातन परंपरा के बारे में बोलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। बंगाल की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है। 'जय श्रीराम ', मां दुर्गा की पूजा और मूर्ति विसर्जन की शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगाया जाता है। लेकिन, ममता दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं और इफ्तार की दावत करवाती हैं। हिंदुओं के किसी भी प्रमुख त्योहार से पहले यहां उपद्रव शुरू हो जाता है, कर्फ्यू लगा दिया जाता है और सरेआम हत्याएं होती हैं। लव और लैंड जिहाद जैसी घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं, लेकिन टीएमसी मौन साधे रहती है। आज इस मौन और अन्याय के खिलाफ बंगाल मुखर हो उठा है। टीएमसी के कुशासन से मुक्ति पाने के लिए बंगाल की जनता सड़कों पर उतर आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति थी। आज उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी समाप्त हो चुकी है, कर्फ्यू समाप्त हो चुका है, दंगे समाप्त हो चुके हैं। बेटियां और व्यापारी सुरक्षित हैं। लव जिहाद और लैंड जिहाद पर पूरी तरह अंकुश लगाया गया है। गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं दिया जाएगा। आज उत्तर प्रदेश में यह साकार रूप से दिखाई दे रहा है। अगर कोई गोमाता की हत्या करेगा तो उसे भुगतना पड़ेगा। कोई माफिया किसी व्यापारी को धमकी देता है या किसी गरीब या व्यापारी की संपत्ति पर कब्जा करता है तो यूपी का बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली एक कर देगा। आज उत्तर प्रदेश में राम नाम की गूंज है। 'हरे राम-हरे राम, राम-राम हरे-हरे, हरे कृष्ण-हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे-हरे की गूंज है। हर-हर महादेव और नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव की गूंज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो बंगाल भारत को राष्ट्रगान देने वाला है, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की विरासत वाला है, आज उसकी स्थिति क्या हो गई है? टीएमसी के गुंडे जगह-जगह कब्जा करते हैं। पर 23 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के रुझानों के बाद एक नया उत्साह पैदा हुआ है। टीएमसी के गुंडे अब अपना ठिकाना ढूंढ़ रहे हैं। 4 मई को जब परिणाम आएगा, तो वे कहीं न कहीं सड़कों पर पंक्चर बनाते हुए दिखाई देंगे। डबल इंजन की भाजपा सरकार का मतलब है सुशासन। यह आपको शासन की योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है, आपके विकास की गारंटी है, बेटी की सुरक्षा की गारंटी है, व्यापारी की सुरक्षा की गारंटी है, बंगाल के नौजवानों के लिए रोजगार की गारंटी है और माताओं-बहनों के लिए स्वावलंबन की गारंटी है। हमारी विरासत से जुड़े महाकाली स्थान और बाबा तारकनाथ स्थान पर भव्य कॉरिडोर के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। डबल इंजन की सरकार में जय श्रीराम बोलने पर प्रतिबंध नहीं होगा, 'हर-हर महादेव' बोलने पर प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन सड़कों पर इफ्तारी की दावत जरूर बंद जरूर हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीएमसी एससी-एसटी विरोधी भी है। पहली बार भारत की कोई बेटी, जनजातीय समाज से जन्म लेने वाली कोई बहन, भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर विराजमान है, लेकिन जब वह बंगाल आती हैं तो ममता दीदी प्रोटोकॉल का पालन नहीं करतीं और उन्हें उचित सम्मान नहीं देतीं। आपके पास अब अवसर है। आप डरो मत, आपको भयभीत नहीं होना है। अब टीएमसी के गुंडों को जवाब देने का समय आ गया है। जिन्होंने बीजेपी के कार्यकर्ताओं को मारा है, जिन्होंने व्यापारियों का उत्पीड़न किया है, जिन्होंने उद्योगों को लूटा है, जिन्होंने नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया है, अब उन्हें पता लगेगा कि लूट, घूसखोरी और गुंडागर्दी का जवाब क्या होता है। इसलिए घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पूरे उत्साह के साथ एकजुट होकर हर वह व्यक्ति, जो आमार सोनार बांग्ला के पक्ष में है, आगे आए।

**मिताली बाग पर हमले के बाद अभिषेक ने दी धमकी, कहा-**

# हम हारे या जीते, चुन-चुनकर सबका हिसाब होगा

**हुगली।** तृणमूल के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी अभिषेक बनर्जी सोमवार को आरामबाग में दूसरे फेज़ के चुनाव के आखिरी हिस्से के दौरान। आरामबाग से तृणमूल MP मिताली बाग पर उस पब्लिक मीटिंग के रास्ते में हमला हुआ था। आरोप है कि गोघाट से आरामबाग जाते समय MP की कार में बड़े पैमाने पर तोड़-फोड़ की गई। उस हमले के विरोध में अभिषेक ने अब आरामबाग में खड़े होकर BJP को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि हमले में कौन शामिल है। मैं CCTV फुटेज देखकर चुन-चुनकर पता लगाऊंगा। आरामबाग में तृणमूल हारे या जीते, 4 तारीख के बाद सब तय हो जाएगा। उन्होंने दावा किया, मेरी नजर सब पर है। जो लोग सोचते हैं कि हमें नहीं पता कि मिताली पर किसने हमला किया, वे गलत हैं।, सोमश्री के पति, सौमेन पाल, डोलन। ये चारों शुरू में शामिल हैं, और हम CCTV कैमरों को देखकर चुन-चुनकर उन लोगों की पहचान करेंगे जो इसमें शामिल हैं। खबर मिलते ही तृणमूल कांग्रेस के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी अभिषेक बनर्जी मीटिंग की जगह पर पहुंचने से पहले घायल MP को देखने हॉस्पिटल गए। स्टेज पर खड़े अभिषेक ने कहा, मैं मिताली को हॉस्पिटल में देखने गया था, मैंने उनसे पूछा। लेकिन उनकी हालत इतनी खराब है कि वह कुछ कह नहीं सकतीं। अभिषेक की धमकी, जिन लोगों ने अनुसूचित जाति की महिलाओं को छुआ। 4 तारीख को तृणमूल जीते या हारे, सबका हिसाब होगा। पिछली बार तृणमूल आरामबाग में खानाकुल, पुरशुरा और गोघाट नहीं जीत पाई थी। पिछली बार हमारी दरियादिली से वे बच निकले। 4 तारीख को दोपहर 12 बजे के बाद सब देख लूंगा। मैंने हमले में शामिल लोगों को चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में उनकी जिंदगी बहुत मुश्किल होने वाली है।

CPM-BJP पर एक साथ हमला करते हुए अभिषेक ने कहा,



CPM के हरमद BJP के जेहलाद बन गए हैं। CPM पार्टी ऑफिस से मछली पालन के लिए फतवे जारी किए गए थे। जिन्हें लोगों ने नकार दिया, वे अब कमल के फूलों की छांव में हंसिया चला रहे हैं। अभिषेक ने कहा, ममता बनर्जी लिबरल हैं, मैं नहीं। आरामबाग की स्टीयरिंग मेरे हाथ में होगी, 4 तारीख को DJ बजेगा। उन्होंने मिताली पर हमला करके खेल शुरू किया था। मैं इसे खत्म करूंगा। ' गौरतलब है कि आज सुबह गोघाट के बरमा में तृणमूल-BJP के बीच झड़प हो गई। आरोप है कि तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने BJP के जुलूस पर हमला किया। कम से कम 100 लोग घायल हो गए। उन्हें आरामबाग सब डिवीजन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस घटना के कुछ घंटों बाद 'प्रभावित' MP. चुनाव आयोग ने इस घटना में सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है।

# 'साइंटिफिक रिगिंग...फेज टू', भाजपा की साजिश को कुचल देगा ममता का बंगाल

**कोलकाता।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा करने के नाम पर सत्ता हथियाने का एजेंडा पूरा करना BJP का पुराना टारगेट रहा है। और ऐसा करते हुए, मोदी की सेना ने बेशर्मी की सारी हदें तोड़कर बंगाल असेंबली में बैठने के लिए अदरक का पानी पी लिया है। इसके साथ ही, उसने इलेक्शन कमीशन नाम की संवैधानिक संस्था को अपने 'पार्टनर' में से एक बना लिया है। राजनीतिक संघर्ष की डेमोक्रेटिक प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए, SIR की स्ट्रैटेजी। और उसी आधार पर, भगवा खेमे ने असल में लाखों असली नागरिकों के वोटिंग राइट्स छीनकर, चाहे वे किसी भी धर्म या जाति के हों, बंगाल में 'साइंटिफिक रिगिंग...फेज़ टू' इंपोर्ट किया है। लेफ्ट राज के पिछले दो फेज़ में, राज्य के लोग वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ करके चुनावी लड़ाई की शुरुआत देख रहे थे। तब से, बंगाल में साइंटिफिक रिगिंग शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बार SIR-टेक्नोलॉजी और कमीशन की मिली-जुली दौलत से धांधली और भी बड़े पैमाने पर हो रही है। धन्य हैं महामति नरेंद्र मोदी। धन्य हैं उनके काबिल साथी 'मोटा भाई'।

पहले फेज़ की वोटिंग खत्म हो चुकी है। इस बार जिस तरह लोग गर्मी की लाल आंखों को नजरअंदाज करते हुए वोटिंग लाइन में खड़े हुए हैं, वह SIR के दर्द के खिलाफ एक साइलेंट रिवॉल्यूशन है। इसके साथ ही लक्ष्मी भंडार-युबा साथी जैसी कई सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स का पॉजिटिव असर भी जुड़ा है। और सबसे ऊपर ममता बनर्जी, जो SIR समेत बंगाल की इज्जत बचाने के मुद्दे पर भगवा ताकतों के खिलाफ कुंभ की तरह अकेले जमीन पर लेटी हैं। शायद पिछले डेढ़ महीने से उनकी जो मेहनत चल रही है, उसका इनाम बूथ पर डटे लोगों का यह साइलेंट गुस्सा है। जब तक कुदरत ने साथ नहीं दिया, उम्मीद है कि 29 तारीख को दूसरे फेज़ में बंगाल में यही तस्वीर दोहराई जाएगी।

सवाल उठ सकता है कि बंगालियों का एक बड़ा हिस्सा BJP को रोकने के लिए क्यों बेचैन है? इसका जवाब आपको ज्यादा ढूंढने की जरूरत नहीं है। पड़ोसी बंगाली राज्य त्रिपुरा को ही देख लीजिए। वहां के लोगों का अनुभव आपको बताएगा कि डबल इंजन सरकार के वोकल टॉनिक के जाल में फंसकर राज्य ने कितनी बुरी हालत झेली है। BJP वहां 25 साल के लेफ्ट राज को बदलकर सत्ता में आई थी। लेकिन फिर? तहज़ीब सच से कोसों दूर है, पिछले कुछ सालों में उस राज्य में पॉलिटिकल डेमोक्रेसी की परिभाषा बदल गई है।

आज वहां रूलिंग पार्टी के गुंडों की हिंसा और जुल्म आम बात है। मर्डर, रेप, औरतों पर जुल्म, एडल्टरी त्रिपुरा में रोज़ की बातें हैं। पर्सनल से लेकर इंस्टीट्यूशनल तक - करप्शन शब्द इस पड़ोसी राज्य की हवा में लगातार तैर रहा है। चाहे वह बन रहे मानू ब्रिज का गिरना हो या कुछ और। पार्टी ऑफिस में तोड़फोड़, आगजनी, मरे हुए नेताओं की मूर्तियां तोड़ना और विरोधी पार्टियों को अलग-अलग तरीकों से दबाना, किसी भी लेवल के चुनाव को फेयर और फ्रीली नहीं होने देना, और लोगों के कॉन्स्टिट्यूशनल हक छीनना - ये सब अब BJP-शासित त्रिपुरा की निशानियां हैं।

इसलिए, राज्य की ज्यादातर जनता बंगाल में इस भयानक ताकत के आने को पूरी तरह से रिजेक्ट कर देगी। बंगाल को डर और भ्रष्टाचार से आजाद करने के नाम पर त्रिपुरा का भयानक माहौल उन्हें कभी पसंद नहीं आ सकता। इसलिए, बंगाल भगवा सेना के 'साइंटिफिक रिगिंग... Phase Two' प्लान के पूरी तरह खत्म होने के लिए तैयार है। यह था, है और होगा।

# पोषण निगरानी ऐप: कुपोषण के समाधान के लिए डेटा का उपयोग

प्रो. लिंडसे जैक्स

हममें से कई लोग अपने डॉक्टरों को इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में जानकारी दर्ज करते हुए देखते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ये डेटा समय के साथ हमारे स्वास्थ्य की निगरानी करने में मदद करेंगे, जोखिमों की शुरुआत में ही पहचान कर लेंगे और समय पर कार्रवाई को निर्देशित करेंगे। डिजिटल प्रणालियाँ केवल डेटा संग्रह के कारण ही नहीं, बल्कि जानकारी को निर्णय और बेहतर देखभाल में बदलने में मदद करने की वजह से सबसे बेहतर काम करती हैं।

महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2021 में लॉन्च किए जाने के बाद, पोषण निगरानी ऐप ने पोषण सेवा अदायगी डेटा को अधिक कार्रवाई-योग्य बनाने का प्रयास किया है। इसका उद्देश्य केवल डिजिटलीकरण करना नहीं, बल्कि बाल विकास और पोषण सेवाओं को दर्ज करने और समीक्षा करने में अधिक गंभीरता और निरंतरता लाना है।

पोषण निगरानी में नियमित रूप से एकत्र किए गए वृद्धि डेटा को अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति के लिए सार्थक निर्णयों में बदलने की क्षमता है। मासिक वृद्धि निगरानी–यदि सही ढंग से मापी जाए और लगातार रिकॉर्ड की जाए–तो जोखिम के शुरुआती संकेत प्रदान कर सकती है। एक एकल, निरंतर मौजूद इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, वृद्धि रुझानों को पूरक पोषण उपायों से जोडने में मदद कर सकता है, जैसे घर ले जाने वाला राशन, देखभाल करने वालों का परामर्श और गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों को स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर करना आदि।

इस दिशा में आगे बढने के लिए, हमें डैशबोर्ड से निर्णय की ओर और गणना से देखभाल की ओर बदलाव करने की आवश्यकता है। अंतर्निहित संकेत, सरल चेकलिस्ट और चेतावनी; आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कमजोर या गंभीर कुपोषण के शिकार बच्चों के लिए बाद की कार्रवाई करने में मदद कर सकती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा आरसीएच 2.0 पोर्टल के डेटा के साथ एकीकरण, समन्वय की साथ की गयी घर की यात्रा के जरिये रेफरल फॉलो-अप को और भी मजबूत कर सकता है।

वर्तमान में, एकत्रित वृद्धि डेटा एक महत्वपूर्ण शुरुआती बिंदु प्रदान करता है। मापन प्रथाओं और प्रणाली समर्थन में सुधारों के साथ, यह समय पर निर्णय लेने में भरोसेमंद जानकारी प्रदान कर सकता है। सटीक निर्णय मूलभूत चीज़ों को ठीक करने पर निर्भर करते हैं–भरोसेमंद मापन, सही तकनीकें और कार्यात्मक उपकरण। यदि किसी बच्चे की ऊँचाई या वजन एक महीने में असामान्य रूप से बदलता है, तो प्रणाली को सत्यापन या पुनः मापन का संकेत देना चाहिए। ऐप में शामिल छोटे माइक्रो-वीडियो देखभाल के स्थल पर वजन पैमाने और लंबाई बोर्ड के सही उपयोग को सुदृढ़ कर सकते हैं। समान रूप से महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में माप-संकेत वाले और कार्यात्मक उपकरण मौजूद हों। ये मूलभूत बातें वृद्धि निगरानी डेटा की उपयोगिता को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं।

पोषण निगरानी डेटा का विश्लेषण डैशबोर्ड से निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव का भी समर्थन कर सकता है। सबसे पहले, हमें पता होना चाहिए कि कुपोषण की सबसे अधिक संभावना कब होती है–किस उम्र में और वर्ष के किन महीनों में। क्या यह जन्म के समय होता है? या क्या 0 से 3 महीने या 3 से 6 महीने महत्वपूर्ण हैं, जब माताओं को केवल स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है? या यह 6 महीने से 1 साल के दौरान होता है, जब पर्याप्त, उचित और सुरक्षित पूरक आहार की आवश्यकता होती है?

पोषण निगरानी डेटा के विश्लेषण से हमें उन बच्चों के बारे में और ज़्यादा जानने में भी मदद मिल सकती है जो कुपोषण से ठीक हो जाते हैं। क्या कुछ खास ज़िलों के बच्चों में ठीक होने की संभावना ज़्यादा होती है? क्या खरीफ फसल की कटाई वाले महीनों के दौरान बच्चों के ठीक होने की संभावना अधिक होती है? इसी तरह, ऐसे विश्लेषण हमें उन बच्चों के बारे में और भी बहुत कुछ बता सकते हैं जो अपने पूरे बचपन के दौरान बार-बार या लगातार कुपोषण का शिकार होते रहते हैं। क्या ये वे बच्चे हैं, जो जन्म के समय से ही कुपोषण के शिकार थे और बाद में भी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाए? क्या ये वे बच्चे हैं, जिन्हें घर ले जाने वाला राशन नियमित रूप से नहीं मिल रहा है? इस तरह की जानकारी होने पर, स्थानीय स्तर पर पोषण सेवा अदायगी को बेहतर बनाया जा सकता है।

डेटा पर भरोसा बढ़ाना, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के कार्यभार में कमी लाने के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। प्रणाली में विश्वास बढने के साथ, अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्राथमिक रिकॉर्ड के रूप में ऐप का उपयोग करने की शुरुआत कर रहे हैं। हालांकि, कई जगहों पर, संचार-संपर्क की समस्याओं या अनुपालन आवश्यकताओं के कारण डिजिटल प्रविष्टि के साथ-साथ कागजी रजिस्टर भी रखे जाते हैं। ऑफ़लाइन कार्यक्षमता को मजबूत करना, डेटा की विश्वसनीयता में सुधार करना और डिजिटल-प्रथम कार्यप्रवाह पर स्पष्टता प्रदान करना, सेवा स्थल पर डेटा प्रविष्टि की ओर बदलाव को गति देने और दोहरी रिपोर्टिंग की आवश्यकता को कम करने में मदद कर सकता है। प्रणाली को परिष्कृत करने में अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को शामिल करने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है कि ऐप उनके काम में सहायक हो। पोषण निगरानी ऐप समय पर और सोच-समझकर फ़ैसले लेने में मदद करने वाला एक भरोसेमंद उपकरण है।

संपादकीय [redacted]

## विपक्ष इतना आशंकित क्यों है?

चुनावी लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के मूलभूत सिद्धांत को लेकर विपक्ष इतना आशंकित क्यों है? ऐसा नहीं कहा जा सकता कि उसके अंदेशे निराधार हैं। मगर समस्याएं कहीं और हैं। उनके आधार पर बुनियादी सिद्धांत की अनदेखी गलत कदम होगा।

विधायिका में महिला आरक्षण के लिए संसद के बुलाए गए विशेष सत्र में संभवत: लोकसभा सीटों के परिसीमन से संबंधित विधेयक भी पारित किया जाएगा। केंद्र हर राज्य की मौजूदा सीट को डेढ़ गुना कर देने के फॉर्मूले पर आगे बढ़ता दिख रहा है। मगर इस फॉर्मूले के तर्क को समझना मुश्किल है। संसदीय लोकतंत्र में निम्न सदन की सीटें जनसंख्या के अनुपात में तय होती हैं। परिसीमन भी इसी सिद्धांत से होना चाहिए। मगर अपना सियासी प्रभाव घटने की दक्षिणी राज्यों की आशंका के समाधान के तौर पर केंद्र ने एकरूप फॉर्मूला निकाला है। मगर इससे कोई उद्देश्य हासिल नहीं होगा।

दक्षिण की पार्टियां यह कहते हुए इस फॉर्मूले का विरोध कर रही हैं कि इससे उत्तरी राज्यों और उनकी लोकसभा सीटों की संख्या में फासला और बढ़ जाएगा। कांग्रेस भी अपनी राजनीतिक गणना के तहत इस दलील के साथ खड़ी है। अत: ये सवाल अहम हो जाता है कि आखिर चुनावी लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के मूलभूत सिद्धांत को लेकर विपक्ष इतना आशंकित क्यों है? ऐसा नहीं कहा जा सकता कि ये अंदेशे निराधार हैं। मगर उनकी जड़ें नरेंद्र मोदी सरकार के संवाद और सहमति को ठुकराने और अपनी सोच को बुल्डोजरी तरीके से लागू करने में छिपी हैं। केंद्र ने राष्ट्रीय विकास परिषद एवं राष्ट्रीय एकता परिषद जैसे संवाद के मंचों को समाप्त कर दिया है।

बाकी संस्थाओं को नियंत्रित करने की उसकी कोशिशों ने उससे असहमत तबकों और क्षेत्रों में विपरीत भावनाएं पैदा की हैं। उनका असर परिसीमन से जुड़ी बहस पर देखा गया है। संसद का सत्र भी बिना आम–सहमति बनाए उस समय बुलाया गया है, जब पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर होगा। स्पष्टत: वहां के सांसदों के लिए इससे मुश्किल खड़ी होगी। मगर, इस पृष्ठभूमि के कारण प्रतिनिधित्व के बुनियादी सिद्धांत की अनदेखी गलत परिपाटी को जन्म देगी। परिपक्व लोकतांत्रिक देशों में जनता के सदन को संतुलित करने के लिए अधिकार–प्राप्त उच्च सदन की व्यवस्था की गई है। भारत में ये व्यवस्था आंशिक रूप से ही कारगर है। बहरहाल, समस्या जहां है, उससे कहीं अलग हल ढूंढना नई समस्याओं को जन्म देगा।

## देश में संसद की पवित्रता की बहस

अजीत द्विवेदी

भारत में किसी भी चीज को नष्ट करने के कई तरीकों में से एक तरीका यह है कि उसे पवित्र बना दिया जाए। उसे पूजा के योग्य बना दिया जाए। जैसे ही हमारे यहां कहा जाए कि अमुक चीज तो पवित्र है और हम उसकी पूजा करते हैं तो समझ लें कि वह चीज ज्यादा समय तक नहीं रहने वाली है। उसका नष्ट होना अवश्यम्भावी है। मिसाल के तौर पर भारत में नदियों की स्थिति देखी जा सकती है। नदियों को भारत में माता का दर्जा दिया जाता है और पूजा की जाती है लेकिन पूजा करने वाला व्यक्ति भी नदी की साफ सफाई और उसकी पवित्रता का ध्यान नहीं रखता है। सारा कचरा नदियों में जाता है, लोगों के घरों के गंदे नाले नदियों में जाते हैं, औद्योगिक इकाइयों का कचरा नदियों में गिरता है, इसके अलावा और क्या क्या होता वह लिखने की जरुरत नहीं है। सरकारें हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं और किसी भी नदी की सफाई नहीं हो पाती है।

ऐसे ही हमलोगों ने पहाड़ों को पूजना शुरू किया और अपने लालच में उनकी ऐसी खुदाई शुरू की या पहाड़ काट कर ऐसे निर्माण शुरू किए कि हर पर्वत शृंखला अस्तित्व का संकट झेल रही है। इसी तरह भारत में पेड़ों की पूजा होती है और फिर ऐसी अंधाधुंध कटाई होती है कि लाखों, करोड़ों हेक्टेयर में फैले जंगल समाप्त हो गए। हम अपनी देवियों की पूजा करते हैं और हमारे घरों में स्त्रियों की क्या स्थिति है यह राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं। ऐसी अनेक मिसालें और भी दी जा सकती हैं। लेकिन विषय को समझने के लिए इतना पर्याप्त है।

इतनी लंबी भूमिका की जरुरत इसलिए थी क्योंकि इस समय देश में संसद की पवित्रता की बहस चल रही है। बहुत सारे लोगों की भावनाएं इस बात से आहत हैं कि राहुल गांधी संसद की सीढियों पर समोसे खा रहे थे और चाय पी रहे थे। असल में कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने लोकसभा से निलंबित सांसदों के साथ मकर द्वार के पास बैठ कर समोसे खाए थे और चाय पी थी। इसे लेकर भाजपा के सांसदों ने नाराजगी जताई तो देश के दो सौ से ज्यादा कथित गणमान्य लोगों के चिी लिखने की भी खबर आई, जिसमें राहुल गांधी के व्यवहार को संसद की गरिमा के विरूद्ध बताया गया और उनकी आलोचना की गई। इससे पहले भाजपा के सांसदों ने तृणमूल के एक बुजुर्ग सांसद की शिकायत स्पीकर से की थी, जिसमें कहा गया है कि वे संसद परिसर में सिगरेट पी रहे थे। संसद के अंदर ई सिगरेट पीने की शिकायत भी की गई। ऐसे ही कांग्रेस की एक सांसद कुत्ता लेकर संसद परिसर में आ गई थीं तो उसकी भी बड़ी आलोचना हुई थी।

इसमें से ज्यादातर घटनाएं सामान्य मानवीय व्यवहार से जुड़ी हैं। हो सकता है कि किसी सांसद के सामान्य मानवीय व्यवहार से कोई दूसरा सदस्य आहत हो जाए। जैसे फिल्म अभिनेत्री से सांसद बनीं भाजपा की एक नेता को राहुल गांधी का व्यवहार 'टपोरी' जैसा लगता है और उनका दावा है कि राहुल गांधी को देख कर महिला सांसद असहज हो जाती हैं। ऐसे ही राहुल गांधी या किसी अन्य सांसद के सीढियों पर खाना खाने से या संसद परिसर में सिगरेट पीने से कुछ लोगों की भावनाएं आहत होती हों। लेकिन इससे संसद की गरिमा और पवित्रता नष्ट होती है, ऐसा नहीं माना जा सकता है। आखिर संसद के अंदर भी खाने की कैंटीन है। लोग खाना खाते हैं। कुछ दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने संसद की सीढियों पर पूरी रात धरना दिया तो वे उन्होंने वही खाना खाया और वही पर सोए। पहले भी ऐसा होता रहा है। इसलिए ऐसी बातों का मुद्दा बना कर विपक्ष के नेताओं को गैरजिम्मेदार, अगंभीर और गरिमामय आचरण नहीं करने का दोषी तो बताया जा सकता है लेकिन इसे संसद की गरिमा और पवित्रता के विरूद्ध बताना उचित नहीं है।

संसद की गरिमा और पवित्रता ऐसी चीजों से तय नहीं होती हैं। संसद की गरिमा और पवित्रता इससे तय होती है कि संसद में किस तरह के विधायी कामकाज होते हैं। देश के 140 करोड़ से ज्यादा लोगों का भाग्य तय करने वाले लोग वहां बैठते हैं, वे कैसे इतने लोगों की किस्मत तय करने वाले फैसले करते हैं, इससे संसद की गरिमा तय होती है। संसद के सदस्य सदन के अंदर किस तरह का आचरण करते हैं, किस तरह संवाद करते हैं, किस तरह की बहस करते हैं इससे तय होगा कि संसद का कितना सम्मान है और कितनी गरिमा है। संसद के संचालन में पक्ष और विपक्ष के बीच समन्वय बनता है या नहीं या सत्तापक्ष की ओर से विपक्ष को अपनी बात रखने का स्पेस दिया जाता है या नहीं इससे तय होगा कि संसद कितनी पवित्र है। इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों के ही सांसदों का आचरण शामिल है।

संसद में जरूरी मसलों पर चर्चा नहीं हो। 140 करोड़ लोगों की किस्मत तय करने वाले विधेयक मिनटों में बिना किसी बहस के पास हो जाएं। विपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया जाए या बोलने से रोका जाए। विधेयकों को संसदीय समितियों के सामने नहीं भेजा जाए या संसदीय समितियों की रिपोर्ट्स को गंभीरता से नहीं लिया जाए। संसदीय समितियों में बहुमत के दम पर हर बार सरकार के पक्ष को स्वीकार किया जाए और विपक्ष की मांग खारिज हो। विधेयकों पर विपक्ष की आपत्तियों को बिना चर्चा के खारिज कर दिया जाए।

## आज का राशिफल

### मेष राशि:

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज घरेलू काम पूरा करने में आपको घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है। आप दोस्त की मदद के लिये हमेशा तैयार रहेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे।

### वृषभ राशि:

आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते काम रुक सकता है। आज जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से विचार विमर्श अवश्य करें। माता-पिता के आशीर्वाद से आज सभी बाधाओं को दूर करने में आप सक्षम रहेंगे। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये विचार आते रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिये दिन ठीक रहने वाला है।

### मिथुन राशि:

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र 12वीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिये आज का दिन अच्छा है। साथ ही जो छात्र हॉयर एजुकेशन के लिये विदेश जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

### कर्क राशि:

आज का दिन आपके लिए लकी होने वाला आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है, आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है, पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। परिवार में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। बिना वजह की उलझनें जीवन से अपने आप दूर हो जायेंगी।

### सिंह राशि:

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुई एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है।

### कन्या राशि:

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। नौकरी करने वाली महिलाओं के लिये भी दिन बढिया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। ऑफिस में किसी काम के लिये आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं। आज आपके बिजनेस में तरक्की होगी।

### तुला राशि:

आज आपका दिन बहुत शानदार रहने वाला है। आज आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिये वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिलने के योग हैं। कोर्ट कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप उनके साथ किसी ट्रिप पर जाने की प्लानिंग भी बना सकते हैं। इस राशि के शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

### वृश्चिक राशि:

आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिये दिन बहुत-सी तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

### धनु राशि:

आज आपका दिन शुभ फलदायक रहेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज प्रसिद्धि मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुडने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ बितायेंगे। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लान भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। छोटे उद्योगों में निवेश के लिये दिन अच्छा साबित हो सकता है। किसी प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिये भी दिन अच्छा है।

### मकर राशि:

आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं।

### कुंभ राशि:

आज दिन आपके लिए सम्मानजनक रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी, हर व्यक्ति आपके अच्छे व्यवहार से प्रभावित होगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामाजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था में बढ़ोतरी होगी। आज आप अपने कार्यों में जल्दबाजी करने से बचें। आज ऑफिस में सहकर्मी आपसे कुछ सीखना चाहेंगे। किसी काम के लिये आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है।

### मीन राशि:

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा। परिवार में सभी के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। घरेलू कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी। किसी नए प्रोजेक्ट में मित्रों की सलाह लेना लाभदायक रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाने की योजना बनायेंगे। शाम को अपने बच्चों के साथ बेहतर टाइम स्पेंड करेंगे। पैसों के मामले में कुछ लोग बेहद मददगार साबित होंगे।

## शब्द सामर्थ्य -020

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा–सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 019 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

## सू- दोकू क्र.020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.019 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 442 किलो डोडा चूरा जब्त

- **नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्कर, स्कॉर्पियो वाहन सहित 85 लाख की खेप जब्त**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 27 अप्रैल।** राजस्थान पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 442.13 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। कार्रवाई पुलिस थाना सायरा क्षेत्र में की गई, जहां तस्करी में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया गया। जब्त मादक पदार्थ और वाहन की कुल बाजार कीमत करीब 85 लाख रुपये आंकी गई है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और वृताधिकारी गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में अंजाम दी गई। एसएचओ सायरा मय टीम द्वारा रणकपुर घाट क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक काले रंग की स्कार्पियो को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन चालक ने नाकाबंदी तोड़ते हुए वाहन को कच्चे रास्ते की ओर मोड़ दिया और फरार होने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने वाहन का पीछा किया, लेकिन चालक और उसका साथी वाहन छोड़कर जंगल और पहाड़ी इलाके का फायदा उठाते हुए अंधेरे में फरार हो गए।पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो उसमें रखे 23 कट्टों में कुल 442.13 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। इसके साथ ही वाहन में दूसरी नंबर प्लेटें भी मिलीं, जिससे आशंका है कि तस्कर पहचान छिपाने के लिए फर्जी नंबर प्लेटों का इस्तेमाल कर रहे थे। इस पर मादक पदार्थ, स्कॉर्पियो वाहन और बरामद नंबर प्लेटों को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसकी सप्लाई कहां होनी थी।इस सफल कार्यवाही में एएसआई यशवंत सिंह की विशेष भूमिका रही। टीम में थानाधिकारी कानाराम सिरवी के साथ एएसआई भंवर सिंह, हेड कांस्टेबल सुखाराम, कांस्टेबल भेराराम, कानापुरी, रामदयाल और जगदीश कुमार शामिल रहे।

### नियम विरुद्ध संचालन पर सीकर रोड स्थित रामेश्वरम मैरिज गार्डन सीज

- **नगर निगम की सख्त कार्रवाई, अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों पर कसा शिकंजा**



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर निगम जयपुर के मुरलीपुरा जोन ने नियम विरुद्ध संचालन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर रोड स्थित रामेश्वरम मैरिज गार्डन को सीज कर दिया। यह कार्रवाई राजस्थान नगरपालिका अधिनियम-2009 एवं नगर निगम जयपुर (विवाह स्थल पंजीयन) संशोधन उपविधियां-2012 के नियम 22 एवं 23 के उल्लंघन में की गई जारी आदेश के अनुसार हरमाड़ा के देवरा की ढाणी, खसरा नंबर 763 पर संचालित यह मैरिज गार्डन निर्धारित मानकों एवं वैधानिक प्रावधानों के विपरीत संचालित पाया गया। इसके बाद निगम प्रशासन ने स्थल को सीज करने की कार्रवाई अमल में लाई।नगर निगम ने चेतावनी दी है कि सीज किए गए स्थल के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ या अनधिकृत संचालन का प्रयास आपराधिक कृत्य माना जाएगा तथा संबंधित संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विवाह स्थल संचालक की होगी।कार्रवाई की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए आदेश की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस थाने को भेजी गई है। निगम की यह कार्रवाई अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों के विरुद्ध सख्ती और नियमों की पालना सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन:गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

- **एनीमिया उपचार के लिए गर्भवती व धात्री महिलाओं को लगाए फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन**



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम । 27 अप्रैल।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले में सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एनीमिया उपचार के लिए गर्भवती व धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन लगाए गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि सोमवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई और मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए। साथ ही एनीमिया उपचार के लिए गर्भवती व धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन लगाए गए।उन्होंने बताया कि अभियान में गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवशयक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।

'ग्राम-2026', जनकल्याणकारी योजनाओं की मिलेगी जानकारी

# 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान का शुभारंभ: गांव-ढाणी तक पहुंचेगा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने रवाना किए ग्राम रथ**

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 अप्रैल।** ग्रामीण विकास, कृषि नवाचार और जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने ओटीएस से ग्राम रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचकर 23 से 25 मई तक आयोजित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 (ग्राम-2026) का प्रचार-प्रसार करेंगे तथा आमजन को सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे।





- **अंत्योदय के संकल्प को साकार कर रही सरकार : नितिन नवीन**

राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए अंतिम छोर तक विकास पहुंचा रहे हैं। जनधन, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं से समावेशी विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप राजस्थान सरकार विकसित राजस्थान-2047 के रोडमैप पर कार्य कर रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की आय वृद्धि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। ग्राम रथ अभियान इस दिशा में प्रभावी पहल है।

- **किसानों के लिए मजबूत इको-सिस्टम विकसित कर रही सरकार**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कृषि, किसान और गांव सशक्त होंगे तो भारत आत्मनिर्भर बनेगा। सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मजबूत कृषि इको-सिस्टम विकसित कर रही है और ग्राम-2026 इसी दिशा में बड़ा कदम है। इसमें कृषि, फूड प्रोसेसिंग, बागवानी, पशुपालन और तकनीकी नवाचार से जुड़े विशेषज्ञ, उद्योग और किसान एक मंच पर आएंगे।उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिलेगी, वहीं निवेशकों को कृषि क्षेत्र की संभावनाओं को समझने का अवसर मिलेगा।

- **ग्राम रथों से जनसंवाद, शिकायत समाधान और सुझाव भी**

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्राम रथों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है, जिससे आमजन सीधे सरकार तक अपनी समस्याएं और सुझाव पहुंचा सकेंगे। जिलों में अधिकारियों की टीमें साथ रहेंगी, जो राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करेंगी।

- **कृषि और किसान हित में कई बड़े कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसान सम्मान निधि राशि 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये की है। 2.18 लाख से अधिक कृषि कनेक्शन दिए गए हैं, बिजली बिलों में 53 हजार करोड़ रुपये से अधिक अनुदान प्रदान किया गया है तथा गेहूं खरीद पर 150 रुपये बोनस दिया जा रहा है। 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान कृषि क्षेत्र में हुए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं।

- **विकसित गांवों के लिए व्यापक मास्टर प्लान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों और मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान के माध्यम से वर्ष 2047 तक गांवों के समग्र विकास का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।ग्राम रथ अभियान को ग्रामीण राजस्थान तक विकास, नवाचार और जनसंवाद पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

सिरोही में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## श्रम कल्याण अधिकारी की अनुबंधित गाड़ी से 1.50 लाख रुपये की संदिग्ध राशि बरामद, जांच जारी

**औद्योगिक इकाइयों से अवैध वसूली की सूचना पर हुई आकस्मिक चेकिंग**

चमकता राजस्थान

जयपुर/सिरोही! (खलील कुरैशी)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सिरोही में बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रम कल्याण अधिकारी हर्षदीप सिंह गिल की अनुबंधित गाड़ी की आकस्मिक जांच के दौरान 1 लाख 50 हजार रुपये की संदिग्ध नकदी बरामद की है। राशि के स्रोत के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एसीबी ने नकदी को कब्जे में लेकर अग्रिम जांच शुरू कर दी है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर उप महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर भुवन भूषण यादव के पर्यवेक्षण में एसीबी सिरोही इकाई ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार श्रम कल्याण अधिकारी हर्षदीप सिंह गिल अपने कार्यालय के विकास कुमार, कनिष्ठ सहायक के साथ आबूरोड से जिला मुख्यालय सिरोही की ओर श्रम विभाग की अनुबंधित कार से आ रहे थे। इसी दौरान सिरोही में आकस्मिक तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार में रखे रैग्जीन बैग से पॉलीथीन में लिपटी 500-500 रुपये की तीन गड्डियों में कुल 1.50 लाख रुपये बरामद हुए। पूछताछ में अधिकारी उक्त राशि के स्रोत के बारे में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके।

- **अवैध वसूली की सूचना पर एक्शन**

एसीबी को पूर्व में सूचना मिली थी कि श्रम कल्याण अधिकारी एवं एक अन्य कर्मचारी आबूरोड की औद्योगिक इकाइयों से अवैध रूप से रिश्वती राशि की वसूली कर अनुबंधित वाहन से सिरोही लौट रहे हैं। इसी आसूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

- **उच्चाधिकारियों की निगरानी में जांच**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देश पर तथा डीआईजी भुवन भूषण यादव के निकट पर्यवेक्षण में मामले की जांच एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। एसीबी अब बरामद राशि के स्रोत, संभावित रिश्वत वसूली तथा संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की गहन पड़ताल कर रही है।

- **महत्वपूर्ण तथ्य:**

श्रम कल्याण अधिकारी की गाड़ी से 1.50 लाख रुपये बरामद 500-500 रुपये की तीन गड्डियों में मिली नकदी राशि के स्रोत पर संतोषजनक जवाब नहीं औद्योगिक इकाइयों से अवैध वसूली की सूचना पर कार्रवाई एसीबी ने राशि जब्त कर जांच शुरू की

## पुलिस की अपील: एक बेटी को घर पहुंचाने में करें सहयोग

- **अजमेर से लापता नाबालिग बालिका की तलाश जारी:आमजन से मांगी संवेदनशील मदद**

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 27 अप्रैल।** राजस्थान पुलिस ने अजमेर जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र से लापता 16 वर्षीय नाबालिग बालिका की सकुशल बरामदगी के लिए आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संभावित स्थानों पर लगातार तलाश अभियान जारी रखा है।परिजनों के अनुसार बालिका 19 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 12:15 बजे अजमेर स्थित रंगविहार, रामदेव कॉलोनी स्थित अपने निवास से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिवारजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की,



लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस थाना गांधीनगर में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

- **बालिका का हुलिया**

लापता बालिका का रंग गोरा, कद लगभग 5 फीट तथा शरीर दुबला-पतला बताया गया है। घर से निकलते समय उसने काले रंग का पजामा, सफेद कुर्ता, काली जैकेट और सफेद स्कार्फ पहन रखा था। उसके पास काले रंग का एक बैग भी था।

- **पुलिस ने की जनसहयोग की अपील**

राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को बालिका के संबंध में कोई भी सूचना मिले—चाहे वह छोटी ही क्यों न हो—तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि आपकी एक सूचना एक परिवार की उम्मीद को फिर से जीवित कर सकती है और एक बेटी को सुरक्षित घर पहुंचाने में मददगार साबित हो सकती है।

- **इन नंबरों पर दें सूचना**

थानाधिकारी संजय शर्मा: 7014308192 गांधीनगर थानाकार्यालय:01463-297600 जिला पुलिस कंट्रोल रूम: 0145-2629166

- **मानवीय सहयोग ही सबसे बड़ा योगदान**

पुलिस ने कहा है कि लापता बच्चों की तलाश में समाज की जागरूकता और सहभागिता बे-हद महत्वपूर्ण होती है। आमजन से अपील है कि इस सूचना को अधिक से अधिक साझा कर खोज अभियान में सहयोग करें।

1.10 करोड़ की अवैध संपत्ति स्थायी फ्रीज, तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने की बड़ी कार्रवाई

## ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत बारां पुलिस का नशा माफियाओं पर आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी) 27 अप्रैल।** राजस्थान पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ निर्णायक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन वज्र प्रहार' के तहत बारां जिले में नशा माफियाओं पर आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक की है। इस कार्रवाई में एनडीपीएस एक्ट की धारा 68ऋ के अंतर्गत मादक पदार्थ तस्कर विशाल सांसी, उसके पिता बलवीर उर्फ बल्लू सांसी तथा उनके सहयोगियों की करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये की अवैध संपत्तियों को स्थायी रूप से फ्रीज कर दिया गया है।अब आरोपी इन संपत्तियों का उपयोग, विक्रय या हस्तांतरण नहीं कर सकेंगे। पुलिस की यह कार्रवाई केवल गिरफ्तारी तक सीमित न रहकर नशा कारोबार की आर्थिक जड़ों पर प्रहार करने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

- **जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि बारां पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध लगातार कठोर कार्रवाई कर रही है। इसी रणनीति के तहत शुरू किए गए ऑपरेशन वज्र प्रहार का उद्देश्य न केवल तस्करों की गिरफ्तारी, बल्कि उनकी अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को भी कानून के दायरे में लाना है।

- **7 मामले दर्ज, 24 किलो से अधिक गांजा जब्त**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विशाल सांसी और बलवीर उर्फ बल्लू सांसी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के







तहत 7 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें एक वाणिज्यिक मात्रा का गंभीर मामला भी शामिल है। पूर्व कार्रवाई में उनके कब्जे से 24 किलो 308 ग्राम गांजा जब्त किया गया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में *अनुमानित कीमत 48.61 लाख रुपये आंकी गई।

- **वैध आय सीमित, बैंक खातों में 30 लाख का लेन-देन उजागर**

आर्थिक अनुसंधान के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपियों की वैध आय के स्रोत बेहद सीमित हैं, जबकि उनके बैंक खातों में पिछले एक वर्ष में करीब 30 लाख रुपये के लेन-देन सामने आए। इसी आधार पर पुलिस थाना छबड़ा द्वारा सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया गया।करीब दो माह चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद सक्षम प्राधिकारी ने बारां पुलिस की कार्रवाई को वैध मानते हुए संपत्तियों को स्थायी रूप से फ्रीज करने के आदेश जारी किए।

- **जमीन, मकान, कार सहित कई संपत्तियां फ्रीज**

कार्रवाई के तहत आरोपियों की एक जमीन/मकान, एक कार, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी को कानूनी रूप से फ्रीज किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग और परिवहन विभाग ने समन्वय बनाकर संपत्तियों के सत्यापन एवं बाजार मूल्यांकन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

- **नशा कारोबार की आर्थिक जड़ों पर प्रहार जारी रहेगा**

एसपी अभिषेक अंदासु ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी मादक पदार्थ तस्करों और उनके सहयोगियों की अवैध संपत्तियों के खिलाफ इसी प्रकार कठोर, प्रभावी और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।यह कार्रवाई राजस्थान पुलिस के उस बदलते दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें केवल अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि अवैध संपत्तियों पर प्रहार कर नशा माफियाओं की आर्थिक रीढ़ तोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल बागडे की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट

● राष्ट्रहित, आधारभूत संरचना विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर हुई चर्चा



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच राष्ट्र और राज्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।भेंट के दौरान आधारभूत संरचना विकास, सड़क संपर्क विस्तार, परिवहन व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। राजस्थान में विकास परियोजनाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और समग्र प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर भी संवाद हुआ।राज्यपाल बागडे ने राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की, वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश में सड़क एवं राजमार्ग अवसंरचना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए चल रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।यह मुलाकात औपचारिक शिष्टाचार भेंट होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय, सहयोग और विकासोन्मुख संवाद का भी प्रतीक रही। प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में इस भेंट को सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण माना जा रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के संवाद विकास परियोजनाओं को गति देने, नीतिगत समन्वय को मजबूत करने और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। यह भेंट भी इसी दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखी जा रही है।

### आसमान से बरस रही आग कस्बे में अब तक नहीं खुले प्याऊ

**चमकता राजस्थान/सुनील कुमार ब्यूरो/सुमेरपुर/हमीरपुर।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है, लेकिन कस्बे में नगर पंचायत ने अभी तक सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ (पौशाला) की व्यवस्था नहीं की है, जिससे लोगों में नाराजगी है।

कस्बे में रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग आवश्यक कार्यों के लिए आते हैं। बस स्टैंड, मुख्य बाजार और प्रमुख चौराहों पर पीने के पानी की व्यवस्था न होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग मजबूरी में महंगा बोतलबंद पानी खरीद रहे हैं, जो गरीब और मजदूर वर्ग के लिए मुश्किल बन गया है।

स्थानीय निवासी सुरेश, गुड्डू गुप्ता, धीरू यादव, राजकुमार, सुनील आदि का कहना है कि पूर्व वर्षों में गर्मी शुरू होते ही प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ लगाए जाते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। नगर पंचायत की इस लापरवाही से लोगों में नाराजगी है और उन्होंने जल्द पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

ईओ दिनेश चंद्र आर्य ने बताया कि कस्बे के 11 प्रमुख स्थानों में वाटर कूलर लगे हुए है। जिसमें वार्ड नंबर एक एवं स्टेशन के बाहर वाले खराब है। दो दिन के अंदर इन्हें ठीक करा दिया जाएगा।

### कुण्डल अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी भीषण आग,1 भैंस की जलकर हुई मौके पर मौत

● कुण्डल तहसील मुख्यालय के सामने सोमवार को अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/ दौसा ।** कुण्डल तहसील मुख्यालय में कैलाश चन्द शर्मा र/ड भोरी लाल शर्मा निवासी कुण्डल के घर के छप्पर में अज्ञात कारणों से लगी आग, आग ने देखते ही देखते छप्पर पोश को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे 1 भैंस जिंदा जली, 60 मण तूडा जला,आग बुझाने के दौरान ।

वही छप्पर में रखा एक बिजली का बोर्ड जलकर हुआ राख। सूचना मिलने पर कोलवा थाना पुलिस अरकरामबाबू व फायर ब्रिगेड विभाग टीम मौके पर पहुंची, तब जाकर आग पर काबू पाया तब तक एक 1 भैंस जिंदा जल चुकी थी और 60 मण तूडा और एक बिजली का बोर्ड जल चुका था ,आग बुझाने के दौरान और भैंस का पोस्टमार्टम करने के लिए डॉक्टर को तहरीर दे दी गई थी उसके बाद डॉक्टर मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम करवाया गया ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

### कक्षा 11 में 70 सीटों पर प्रवेश शुरू, 15 मई तक करें आवेदन

**चमकता राजस्थान/सुनील कुमार/सुमेरपुर,हमीरपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11 (मानविकी/विज्ञान) में 70 रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि प्रवेश कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट से होगा। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश दिलाने के लिए कार्य दिवसों में विद्यालय से संपर्क कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं। औपचारिकताएं पूरी कर 15 मई तक आवेदन जमा करना अनिवार्य है। विद्यालय में पाठ्यपुस्तक, आवास, भोजन, चिकित्सा व कंप्यूटर शिक्षा निःशुल्क उपलब्ध है।

### नारी जन जागृति संस्थान द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** नारी जन जागृति संस्थान द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने हेतु प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन ब्यावर जिला कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में गौ माता हमारे जीवन ओर हमारे देश की संस्कृति का हिस्सा है ये हमारे जीवन कितनी महत्वपूर्ण है ये बताया गया ओर मांग की गाय माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए मीडिया प्रभारी मोनिका राजावत ने बताया। ज्ञापन के लिए संस्थान से अध्यक्ष ममता गुप्ता,सावित्री देवड़ा, शशि कला शर्मा, आशा मूंदड़ा, ममता जलवाल, मोनिका राजावत सहित संस्थान सदस्य मौजूद रहे।

पहले राजस्थान दौरे में संगठन शक्ति का प्रदर्शन

# जयपुर में नितिन नवीन का जोरदार स्वागत, बोलें: पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराना है

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में टोंक से जयपुर तक भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ किया शक्ति प्रदर्शन**

चमकता राजस्थान



जयपुर।( खलील कुरैशी )भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पहले राजस्थान दौरे ने संगठनात्मक ऊर्जा और चुनावी संदेश दोनों को धार दी। टोंक और जयपुर में हुए कार्यक्रमों के दौरान भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन की मजबूती का परिचय दिया।नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ''पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भगवा लहराना है'' और आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में भाजपा को विजय दिलानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को केवल विश्व की सबसे बड़ी नहीं, बल्कि सबसे लोकप्रिय पार्टी बनाना लक्ष्य है।

● **टोंक में कार्यालय उद्घाटन, 2047 का संकल्प**

टोंक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 7 जिला भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन और 2 का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि संकल्प, विचार और संगठन के केंद्र हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को लेकर जुटने का आ''न किया।उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर भी बड़ा दावा करते हुए कहा कि 4 मई को वहां भी कमल खिलेगा।

● **जयपुर में भव्य स्वागत, रोड शो से शक्ति प्रदर्शन**

जयपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। 101 किलो की माला, जेसीबी से पुष्प वर्षा, हाथियों द्वारा अभिनंदन, बाइक रैली और जगह-जगह स्वागत मंचों ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी चर्चा का केंद्र रही।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह उपस्थिति पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं की निष्ठा और भाजपा की ताकत का प्रमाण है।

● **राजस्थान विकास मॉडल की सराहना**

नितिन नवीन ने भजनलाल सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए राजस्थान को सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में उभरता हब बताया। उन्होंने एफ्छढ सहित विकास योजनाओं को प्रदेश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

● **संगठन और चुनावी रणनीति पर मंथन**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश पदाधिकारियों और कोर कमेटी के साथ बैठक कर संगठन विस्तार, पंचायत-निकाय चुनाव और राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में 5 साल भाजपा-5 साल कांग्रेस का मिथक अब टूटेगा।

● **प्रमुख संदेश**

पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराने का आ''ान 2047 के विकसित भारत निर्माण का संकल्प भाजपा को सबसे लोकप्रिय पार्टी बनाने पर जोर पश्चिम बंगाल में कमल खिलने का दावा राजस्थान में संगठन और चुनावी तैयारियों को गति उल्लेखनीय है कि नितिन नवीन का पहला राजस्थान दौरा भाजपा के लिए संगठनात्मक मजबूती, चुनावी संदेश और कार्यकर्ता ऊर्जा के प्रदर्शन के रूप में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## राज्य सरकार पशुपालन के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत : विकास सीताराम भाले

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत 6 तरल नाइट्रोजन परिवहन वाहनों को हरी झंडी, ग्रामीण क्षेत्रों में कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं को मिलेगा बल**

चमकता राजस्थान



**जयपुर। (खलील कुरैशी)।** पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं मत्स्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुपालन क्षेत्र के समग्र विकास, पशुधन संवर्धन और पशुपालकों के कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं के प्रभाव से पशुपालन आज रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बनकर उभरा है, जिससे प्रदेश के लाखों लोगों को कृषि और पशुपालन से आजीविका के अवसर मिल रहे हैं।भाले सोमवार को राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के तत्वावधान में 6 तरल नाइट्रोजन परिवहन वाहनों को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वाहनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया।

● **कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं को मिलेगा नया विस्तार**

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत केंद्र सरकार के शत-प्रतिशत वित्त पोषण से इन वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इससे तरल नाइट्रोजन के सुरक्षित, समयबद्ध और सुगम परिवहन को मजबूती मिलेगी, जो कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी आवश्यकता के अनुरूप 20 जिलों को नाइट्रोजन परिवहन वाहन उपलब्ध कराए जा चुके हैं और अब अतिरिक्त 6 जिलों को यह सुविधा दी जा रही है। इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च गुणवत्ता वाली पशु प्रजनन सेवाएं पहुंचाना अधिक आसान होगा।

● **इन जिलों को मिले वाहन रवाना किए गए**

नाइट्रोजन परिवहन वाहन अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, सलूम्बर, फलौदी और जैसलमेर जिलों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इन वाहनों के माध्यम से पशुधन सुधार, नस्ल संवर्धन तथा दुग्ध उत्पादन वृद्धि के प्रयासों को गति मिलेगी।

● **पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम**

भाले ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आधुनिक तकनीकों और संसाधनों के माध्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि करना, पशुधन उत्पादकता बढ़ाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। तरल नाइट्रोजन की उपलब्धता और परिवहन व्यवस्था के सुदृढ़ होने से पशुपालन क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का विस्तार होगा।कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के निदेशक एवं राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुरेशचंद मीणा, अतिरिक्त निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. जुगलकिशोर मिश्रा, डॉ. लक्ष्मण राव तथा आरएलडीबी के प्रबंधक डॉ. प्रीतपाल कालरा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।यह पहल राज्य में पशुधन विकास, नस्ल सुधार और पशुपालकों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा एवं अधिकारों पर उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न

चमकता राजस्थान

● **नमस्ते पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीयन, सुरक्षा उपकरण, रात्रिकालीन सीवर सफाई पर रोक के निर्देश**

● **मृतक कार्मिकों के परिजनों को आर्थिक सहायता, रोबोटिक तकनीक अपनाने और कानूनी प्रावधानों के पालन पर जोर**



जयपुर। (खलील कुरैशी)। सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के संरक्षण को लेकर नगर निगम जयपुर के ई.सी. मीटिंग हॉल में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता हरदीप सिंह गिल, अध्यक्ष, सफाई कर्मचारी संघ कमेटी यूनियन, गृह मंत्रालय, दिल्ली ने की। इसमें प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और सामाजिक न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में 17 अप्रैल 2026 को सीवर सफाई कार्य के दौरान मृत कार्मिकों के परिजनों को नगर निगम द्वारा 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, 5-5 लाख रुपये की एफडी तथा मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5-5 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता दिए जाने की जानकारी दी गई।

● **सुरक्षा और पंजीयन पर विशेष जोर**

बैठक में 'नमस्ते गाइडलाइन पोर्टल' पर सभी सफाई कर्मचारियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने, आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने तथा पहचान पत्रों में ब्लड ग्रुप अंकित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके।

● **कानूनों की पालना और जागरूकता अभियान**

एससी एक्ट-1989, एट्रोसिटी एक्ट-1990 तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट-2013 के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए जोन स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

● **रात्रिकालीन सफाई बंद, आधुनिक तकनीक अपनाने पर बल**

न्यायालय निर्देशों के अनुरूप रात्रि में सीवर सफाई कार्य पूर्णतः बंद रखने तथा मानव श्रम के स्थान पर आधुनिक मशीनों एवं रोबोटिक तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया गया।

● **पुनर्वास और सम्मान की दिशा में पहल**

मृतक कर्मचारियों के पात्र परिजनों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राथमिकता देने तथा सभी विभागों को समन्वित रूप से निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, गरिमा और अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

'ओम सरोवर वाटिका' पर बड़ी कार्रवाई, प्रारंभिक स्तर पर ही अवैध कॉलोनाइजेशन विफल

# जेडीए का बुलडोजर एक्शन: 4 बीघा में बस रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

चमकता राजस्थान





● **मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस विजन के तहत जेडीए की सख़्ती 30 हजार खर्च भी संबंधित से वसूला जाएगा**

● **आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देश पर डीआईजी के आनंद शर्मा के नेतृत्व एवं मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में की गयी कार्रवाई**

जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 अप्रैल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए चौमू के मौरिजा मोड़ क्षेत्र में करीब चार बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देश पर की गई बिना स्वीकृति बसाई जा रही थी कॉलोनी उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि जोन-16 के अंतर्गत मौरिजा मोड़, चौमू स्थित निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना जेडीए अनुमोदन और बिना भू-रूपांतरण के 'ओम सरोवर वाटिका' नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा था। कॉलोनाइजर द्वारा भूमि को समतल कर मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें बनाई गई थीं तथा अन्य अवैध निर्माण भी किए जा रहे थे।सूचना मिलते ही जेडीए प्रवर्तन दस्ते ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी और मजदूरों की सहायता से कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक स्तर पर ही पूरी कॉलोनी को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनाइजेशन की योजना विफल कर दी।

● **जेडीए का स्पष्ट संदेश– नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई**

प्राधिकरण ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संकेत दिया है कि बिना स्वीकृति और नियमों के विपरीत विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार के सुशासन अभियान के तहत अवैध निर्माणों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

● **ध्वस्तीकरण खर्च की होगी वसूली**

कार्रवाई के दौरान हुए 30 हजार रुपये के व्यय की वसूली नियमानुसार संबंधित व्यक्तियों से की जाएगी। जेडीए ने कहा है कि अवैध कॉलोनाइजरों पर केवल ध्वस्तीकरण ही नहीं, बल्कि आर्थिक दायित्व भी तय किया जाएगा।

● **वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में हुई कार्रवाई**

यह पूरी कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-16, प्रवर्तन दस्ते, लेबर गार्ड तथा राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की मौजूदगी में संपादित की गई।

● **अवैध कॉलोनाइजरों के लिए कड़ा संदेश**

जेडीए की इस सख्त कार्रवाई को अवैध कॉलोनाइजरों के लिए कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्राधिकरण ने आमजन से भी अपील की है कि बिना वैधानिक स्वीकृति वाली कॉलोनियों में निवेश से बचें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें।जेडीए का यह बुलडोजर एक्शन न केवल अवैध कब्जों पर प्रहार है, बल्कि नियोजित शहरी विकास और सुशासन की दिशा में एक मजबूत कदम भी माना जा रहा है।

### 15 मई को आयोजित होगा सेवा, संवेदना और समर्पण का विशेष कार्यक्रम

# स्वर्गीय कमला बेनीवाल की पुण्यतिथि पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण

## सेवा के माध्यम से जीवंत रहेगी कमला बेनीवाल की सेवाभावी एवं सुगम स्मृतियां :- आलोक बेनीवाल

चमकता राजस्थान

शाहपुरा! (खलील कुरैशी)!स्वर्गीय कमला बेनीवाल की पुण्यतिथि 15 मई 2026 को सेवा और समाजहित के संकल्प के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे, जिससे उनके जीवन को अधिक सुगम, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक बनाया जा सके। इस जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत आयोजित पंजीकरण शिविर में 279 दिव्यांगजनों ने विभिन्न सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु पंजीकरण कराया है।पूर्व विधायक एवं जनसेवक आलोक बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वर्गीय कमला बेनीवाल की जनसेवा, संवेदनशीलता और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति समर्पण को आगे बढ़ाने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उनके जीवन में सुविधा, स्वावलंबन और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




- **पंजीकरण शिविर का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

आलोक बेनीवाल ने सविता बेनीवाल , शाहपुरा नगरपरिषद के निवर्तमान सभापति बंशीधर सैनी और अपने कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित पंजीकरण शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान मनोहरपुर से आए मूक-बधिर बच्चों से मुलाकात को उन्होंने अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायी अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर समाज में संवेदनशीलता और सेवा की भावना को और मजबूत करते हैं।शिविर में दिव्यांगजनों की आवशयकताओं के अनुसार उपकरणों की जरूरत का आकलन कर पंजीकरण किया गया पात्र लाभार्थियों को उपयुक्त सहायक सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। सामाजिक संगठनों के सहयोग से साकार हो रही पहलइस पुनीत कार्य को सफल बनाने में श्री महावीर विकलांग सहायता समिति का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है समिति द्वारा तकनीकी एवं सामाजिक सहयोग के माध्यम से दिव्यांगजनों की सहायता सुनिश्चित की जा रही है।



इसके साथ ही अग्रवाल समाज समिति एवं श्याम मित्र मंडल समिति ने भी इस सेवा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई है। दोनों संस्थाओं के सहयोग, समर्पण और सामाजिक दायित्व के कारण यह कार्यक्रम व्यापक रूप ले रहा है।आलोक बेनीवाल ने सभी सहयोगी संस्थाओं, स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन सामूहिक प्रयासों से ही संभव होता है।

- **दिव्यांग सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम**

उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह दिव्यांगजनों के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का भी संदेश देगा। इस पहल से जरूरतमंदों को सहायता मिलने के साथ सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों को भी मजबूती मिलेगी।

- **सेवा के माध्यम से जीवंत रहेगी कमला बेनीवाल की स्मृति**

स्वर्गीय कमला बेनीवाल की पुण्यतिथि पर आयोजित यह कार्यक्रम उनकी जनसेवा की विरासत को आगे बढ़ाने वाला प्रेरक आयोजन साबित होगा। सेवा, सहयोग और समर्पण पर आधारित यह पहल समाज में वास्तविक बदलाव की दिशा तय करने के साथ दिव्यांगजनों के जीवन में नई उम्मीद और सहारा लेकर आएगी।

# 2025 बैच के 7 आईएएस अधिकारियों से राजस्थान कैडर को मिलेगी नई मजबूती

- **मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद कर शासन के मिशन, विजन और एजेंडे से कराया परिचित**
- **नवाचार, पारदर्शिता और जन-केंद्रित प्रशासन के जरिए विकसित राजस्थान@2047 के लक्ष्य में निभाएंगे भूमिका**

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) 27 अप्रैल। राजस्थान कैडर में शामिल हो रहे वर्ष 2025 बैच के 7 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के आगमन से राज्य प्रशासनिक तंत्र को नई ऊर्जा और मजबूती मिलने जा रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएमरीपा) में इन प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद कर उनका राजस्थान की गौरवशाली प्रशासनिक परंपरा में स्वागत किया और राज्य सरकार के सुशासन मिशन, प्राथमिकताओं एवं विकास एजेंडे से परिचित कराया।मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में ''मैक्सिमम गवर्नेंस–मिनिमम गवर्नमेंट'' की अवधारणा को राज्य के शासन दर्शन का आधार बताते हुए नागरिक-केंद्रित, जवाबदेह और पारदर्शी प्रशासन की आवशयकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मूल उद्देशय आमजन को समयबद्ध, प्रभावी और संवेदनशील सेवाएं उपलब्ध कराना है।उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को समयबद्ध जन-शिकायत निवारण, पात्र लाभार्थियों तक कल्याणकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल गवर्नेंस, प्रशासनिक सुधार तथा संस्थागत ईमानदारी को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।संवाद के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी, तकनीक-आधारित शासन, मुख्यमंत्री ग्राम विकास अभियान, राज उन्नति, तथा महिला सशक्तीकरण जैसी पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों, निष्पक्षता, पारदर्शिता और लोकसेवा की भावना को आत्मसात करते हुए युवा अधिकारी प्रशासनिक तंत्र में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।



- **एचसीएमरीपा महानिदेशक श्रेया गुहा ने भी प्रशिक्षु अधिकारियों का किया मार्गदर्शन**

एचसीएमरीपा की महानिदेशक श्रेया गुहा ने भी प्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें राजस्थान की प्रशासनिक कार्यप्रणाली, चुनौतियों और अवसरों से अवगत कराया तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया।मुख्य सचिव ने सभी सातों अधिकारियों से समर्पण, नवाचार और नेतृत्व क्षमता के साथ कार्य करने का आ''ान करते हुए कहा कि युवा प्रशासनिक नेतृत्व ही विकसित राजस्थान@2047, विकसित भारत@2047 और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। राजस्थान कैडर में इन नए अधिकारियों के शामिल होने को प्रशासनिक क्षमता विस्तार, सुशासन सुदृढ़ीकरण और भावी नेतृत्व निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राजस्थान विधानसभा को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

चमकता राजस्थान

- **ईमेल में फक्रऔर सिलिकॉन प्लांट करने का दावा, लिखा''यह कोई मजाक नहीं''**
- **अप्रैल में तीसरी बार धमकी, सघन तलाशी में कुछ संदिग्ध नहीं मिला**

**जयपुर( खलील कुरैशी)** राजस्थान विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार सुबह विधानसभा की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक बार फिर धमकी भरा ईमेल आने से हड़कंप मच गया। ईमेल में विधानसभा परिसर में फक्रऔर सिलिकॉन प्लांट करने का दावा करते हुए विस्फोट की चेतावनी दी गई और स्पष्ट लिखा गया–''यह कोई मजाक नहीं है।''धमकी की सूचना मिलते ही ज्योति नगर थाना पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, सिविल डिफेंस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। कर्मचारियों को बाहर निकालकर विधानसभा प-रसर में चप्पे-चप्पे की गहन तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।सुबह 5:43 बजे आया धमकी भरा मेल विधानसभा के उपनिदेशक (जनसंपर्क) डॉ. लोकेश शर्मा के अनुसार धमकी भरा ईमेल सोमवार सुबह 5:43 बजे प्राप्त हुआ। कार्यालय खुलने पर इसकी जानकारी सामने आई, जिसके बाद तत्काल पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया गया।ईमेल में वीआईपी को बाहर निकालने और विस्फोट होने की चेतावनी भी दी गई थी। यह धमकी ऐसे समय आई जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का जयपुर दौरा प्रस्तावित था, जिससे सुरक्षा एजेंसियां अतिरिक्त सतर्क हो गईं।

- **अप्रैल में तीसरी बार मिली धमकी**

राजस्थान विधानसभा को अप्रैल माह में यह तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है।13 अप्रैल को पहली धमकी 24 अप्रैल को दूसरी धमकी 28 अप्रैल को तीसरी धमकी लगातार मिल रही धमकियों ने सुरक्षा तंत्र और जांच एजेंसियों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। फिलहाल ईमेल भेजने वालों की पहचान और मकसद स्पष्ट नहीं हो पाया है। साइबर और पुलिस टीमें जांच में जुटी हैं।

- **पहले भी कई संस्थान बन चुके निशाना**

प्रदेश में इससे पहले पासपोर्ट कार्यालय, पोस्ट ऑफिस, सवाई मानसिंह स्टेडियम, राजस्थान हाईकोर्ट, सीएमओ, निजी स्कूल, अस्पताल, मेट्रो स्टेशन और मेट्रो ट्रेन को भी बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि अधिकांश मामले अफवाह या फर्जी निकले, लेकिन लगातार ऐसी घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

- **बड़ा सवाल–कौन दे रहा धमकियां?**

लगातार तीसरी बार विधानसभा को निशाना बनाए जाने से यह मामला केवल धमकी तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि राज्य की संवेदनशील सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा गंभीर विषय बन गया है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि इन ईमेल्स के पीछे कौन है, उनका उद्देशय क्या है और अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर क्यों हैं फिलहाल विधानसभा परिसर सुरक्षित है, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता जरूर बढ़ा दी है।

### भिवाड़ी पुलिस की बर्बरता पर जताया आक्रोश, बेहतर उपचार और निष्पक्ष जांच की मांग

# पुलिस ज्यादती के शिकार दलित नाबालिग से मिलने निम्स अस्पताल पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जूली एवं विधायक रफीक खान

## ''भाजपा राज में गरीब, दलित व आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार दर्दनाक, शर्मनाक और निंदनीय'' – टीकाराम जूली

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जयपुर स्थित निम्स अस्पताल पहुंचकर कथित पुलिस ज्यादती के शिकार दलित नाबालिग लोकेश के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने इस प्रकरण को न केवल अमानवीय बल्कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करने वाला बताया।

जूली ने कहा कि भिवाड़ी पुलिस की कथित बर्बरता का शिकार हुए नाबालिग की हालत देखकर मन व्यथित हो गया। उन्होंने बताया कि मारपीट के कारण बालक के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया है तथा कथित रूप से उसे पानी के ड्रम में डालकर प्रताड़ित किए जाने से फेफड़ों में पानी चला गया, जिसके कारण वह आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।उन्होंने कहा कि बिना एफआईआर किसी नाबालिग के साथ इस तरह की प्रताड़ना न्याय व्यवस्था और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। जब कानून के रक्षक ही अत्याचार के आरोपों में घिर जाएं, तब आमजन न्याय की उम्मीद किससे करे, यह बड़ा सवाल है।





- **सरकार की जवाबदेही पर उठाए सवाल**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह घटना केवल पुलिस की कार्यशैली पर नहीं, बल्कि प्रदे-श सरकार और मुख्यमंत्री की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गरीब, दलित और आदिवासियों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो दर्दनाक, शर्मनाक और निंदनीय हैं।जूली ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री से पूछें कि सलूम्बर में आदिवासी बच्चों की मौत, बांसवाड़ा की घटनाएं, भिवाड़ी में मजदूरों पर लाठीचार्ज तथा नाबालिग पर पुलिस अत्याचार जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार कौन है।

- **बेहतर चिकित्सा सुविधा और निष्पक्ष जांच की मांग**

जूली ने राज्य सरकार से नाबालिग को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने पीड़ित बालक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

- **ये कांग्रेस नेता भी रहे मौजूद**

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष के साथ कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक रफीक खान, खैरथल-तिजारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलराम यादव, तिजारा विधानसभा प्रत्याशी इमरान खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद कुमारी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पवन खटाणा, अशोक मेघवाल एमपीएस, रॉकी सरपंच तथा सत्यदीप सहित कई कांग्रेसजन अस्पताल पहुंचे।यह प्रकरण प्रदेश में पुलिस कार्यप्रणाली, मानवाधिकार संरक्षण और कानून-व्यवस्था को लेकर नई बहस को जन्म देता दिखाई दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्रीय सहकारी समिति सुमेरपुर एवं इंगोहटा में गेहूं खरीद ठप

● **खरीद न होने से किसानों में बढ़ता जा रहा आक्रोश**



**चमकता राजस्थान/सुनील कुमार/सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्रीय सहकारी समिति सुमेरपुर एवं इंगोहटा में अव्यवस्थाओं के चलते गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। पहले ई-पास मशीन चालू न होने से किसानों का गेहूं नहीं तौला जा रहा था। वहीं अब मजदूरों के न होने से खरीद ठप पड़ी हुई है। जिससे किसानों का गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।सरकार ने किसानों के गेहूं खरीद के लिए सरकारी दर 2625 रुपए निर्धारित करके विभिन्न विभागों के खरीद केंद्र खोलकर 30 मार्च से शुरू कराई थी। लेकिन करीब एक महीना बीत जाने के बाद भी गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। कस्बे के गल्ला मंडी में संचालित विपणन विभाग के दो एवं क्रय विक्रय केंद्र में खरीद चल रही है। लेकिन थाने के पीछे संचालित क्षेत्रीय सहकारी समिति सुमेरपुर एवं इंगोहटा क्षेत्रीय सहकारी समिति में अव्यवस्थाओं के चलते खरीद ठप पड़ी हुई है। इस समिति ने अभी तक 175 किसानों को टोकन बांट चुकी हैं। लेकिन सिर्फ 10 किसानों से 750 क्विंटल गेहूं खरीद की गई है। इसी तरह इंगोहटा क्षेत्रीय सहकारी समिति के 50 किसानों को टोकन दिया जा चुका है। लेकिन खरीद सिर्फ तीन किसानों से 250 क्विंटल हुई है। करीब एक माह बीत जाने के बाद टोकन मिलने वाले किसान अपने नंबर का इंतजार कर रहे हैं। किसान रामबिहारी कुशवाहा, सचिन, ज्ञान देवी, लालमन, दीपक साहू आदि ने बताया कि करीब 20 दिन से उनका गेहूं केंद्र पर पड़ा हुआ है। लेकिन तौल नहीं कराई जा रही है।कभी ई पाश मशीन तो कभी मजदूर तो कभी वारदाना न होने की बात कहकर उन्हें टरकाया जा रहा है। वहीं टोकन मिलने वाले किसानों का कहना है कि वह गेहूं खरीद के लिए नंबर आने इंतजार कर रहे हैं। जिससे उन्हें खेतों से फसल कटवाने के बाद घर पर रखना पड़ रहा है। जिससे भाड़ा मजदूरी का खर्च बढ़ गया है। वहीं समिति के सचिव समीर सचान ने बताया कि पुरानी बोरियों में खरीद किया जाना है। बोरियां उपलब्ध है लेकिन इन बोरियों को पलट कर खरीद केंद्र की मोहर आदि लगाई जानी है। जिससे मजदूर यह सब करने को तैयार नहीं है।हैंडलिंग ठेकेदार अपने मजदूर भेज नहीं रहा है। जिससे समस्या गंभीर हो गई है। इस वजह से खरीद ठप है।

### अंधेरे का फायदा उठा मिट्टी के अवैध खनन में जुटे खनन माफिया राठ प्रशासन मौन



**चमकता राजस्थान/सुनील कुमार ब्यूरो हमीरपुर/राठ,हमीरपुर।** जनपद के राठ नगर में मिट्टी के अवैध खनन और परिवहन का काला कारोबार अपने चरम पर है नगर वासियों का आरोप है कि रात होते ही खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं और पूरी रात मिट्टी का अवैध खनन कर दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली लगाकर उनके गुर्गे फर्राटे भरते हुए नगर की मुख्य सड़कों पर अनियंत्रित गति से भागते हुए मौत का तांडव करते हुए नजर आते हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ दबंग और प्रभावशाली लोगों द्वारा मिट्टी के अवैध खनन और परिवहन का खुला खेल सिस्टम की मिली भगत से खेला जा रहा है लोगों का कहना है कि बिना सिस्टम की मिली भगत की यह संभव नहीं है इससे पूर्व भी कई बार मिट्टी के अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई भी स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई है उसके बावजूद भी दबंग खनन माफिया बेखौफ नजर आ रहे हैं लोगों का कहना है कि यदि इस अवैध खनन पर जल्द रूप नहीं लगाई जाती तो यह मामला एक बड़े खनिज घोटाले का रूप ले सकता है अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस अवैध मिट्टी खनन के मुद्दे पर कब तक खामोशी साधे रहता है और कब करवाई करता है जब इस बाबत उप जिलाधिकारी राठ से बात की गई तो उन्होंने मामले को दिखवाने की बात कही है वही जब खनिज अधिकारी हमीरपुर से मिट्टी के हो रहे अवैध खनन के संबंध में बात की गई तो उन्होंने मामले में जांच करने की बात कही है।

### भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर ने जिले के वित्तीय साक्षरता शिविर का किया दौरा



**चमकता राजस्थान/देहरादून। (दीपक शर्मा बामनवास)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा ने देहरादून जिले के भोपालपानी, बडासी और सौड़ा सरौली ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए क्रिसिल फाउंडेशन के सहसपुर स्थित वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर ज़ोर देते हुए नागरिकों को सशक्त बनाने की बात कही। RBI गवर्नर ने वित्तीय जागरूकता, समृद्धि और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने, भारत सरकार की विभिन्न पेंशन तथा बीमा संबंधित सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सीएफएल अधिकारियों से समाज के सभी वर्गों,विशेष रूप से दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वालों को शिक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आ''ान किया, ताकि वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने प्रतिभागियों से ऐसे शिविरों के दौरान प्राप्त वित्तीय जागरूकता को अपने परिवार के सदस्यों,मित्रों और पड़ोसियों के साथ साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से भी बातचीत की। शिविर में बिजनेस कॉरस्पोंडेंटों द्वारा बुनियादी बैंकिंग सुविधाओं सहित कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर स्थल पर सिक्के और नोट बदलने के लिए काउंटर भी स्थापित किए गए थे। इस मौके पर एक मोबाइल एटीएम वैन उपलब्ध थी तथा कुछ स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी किया, जिसमें गवर्नर ने काफी रुचि दिखाई और सराहना की। इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, देहरादून श्री अरविंद कुमार सहित भारतीय रिज़र्व बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

बीजेपी प्रभारी के बयान पर पलटवार, मानेसर प्रकरण का जिक्र कर फिर गरमाई सियासत

# गहलोत बोलें पायलट कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे उनकी दोनों टांगें कांग्रेस में ही :अब समझ भी गए और संभल भी गए

चमकता राजस्थान



**जयपुर। (खलील कुरैशी)** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक बयान ने राजस्थान की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। गहलोत ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट को लेकर स्पष्ट कहा कि ''उनकी दोनों टांगें कांग्रेस में हैं और कांग्रेस में ही रहेंगी। अब वे हमें छोड़कर नहीं जाएंगे।''जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि पायलट अब राजनीतिक अनुभव से समझ चुके हैं कि गलत फैसलों के क्या परिणाम होते हैं। उन्होंने संकेतों में 2020 के मानेसर प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौर से सबक लिया जा चुका है और अब पार्टी एकजुट है।

● **बीजेपी के तंज पर गहलोत का जवाब**

यह बयान भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल की टिप्पणी के जवाब में आया, जिसमें उन्होंने पायलट पर तंज कसते हुए कहा था कि ''उनकी एक टांग कांग्रेस में और दूसरी कहीं और है।''इस पर गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि पायलट पूरी तरह कांग्रेस के साथ हैं और भविष्य में पार्टी छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता।

● **मानेसर कांड का जिक्र, सियासी संकेत गहरे**

गहलोत द्वारा मानेसर कांड को फिर उठाना राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। जुलाई 2020 की बगावत और सरकार पर आए संकट को याद दिलाते हुए उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश दिया कि उस दौर की पुनरावृत्ति नहीं होगी।राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह बयान सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर और बाहर दोनों के लिए एक सियासी संदेश है।

● **''फॉरगेट एंड फॉरगिव'' के बाद भी पुराना मुद्दा जिंदा**

हालांकि सुलह के बाद गहलोत पहले ''फॉरगेट एंड फॉरगिव'' की बात कह चुके हैं, लेकिन समय-समय पर मानेसर प्रकरण का उल्लेख इस मुद्दे को जीवित रखे हुए है। इससे कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को लेकर चर्चाएं फिर तेज हो गई हैं।

● **पायलट की प्रतिक्रिया पर निगाहें**

अब राजनीतिक नजरें सचिन पायलट की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। उनके जवाब से कांग्रेस के भीतर के समीकरण और आगे का सियासी नैरेटिव तय हो सकता है।

● **राजनीतिक संदेश साफ**

गहलोत के बयान में विश्वास भी दिखा और चेतावनी का संकेत भी। एक ओर पायलट के साथ एकजुटता जताई गई, तो दूसरी ओर अतीत की 'गलती' की याद दिलाकर सियासी संदेश भी दिया गया।स्पष्ट है कि इस बयान ने राजस्थान कांग्रेस की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है।

## लायंस गवर्नर जोधपुर एक्टिव की गवर्नर की सद्भावना यात्रा भव्यता से हुई सम्पन्न

चमकता राजस्थान



**मनीष मेहता जोधपुर।** लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव ने आज लायंस गवर्नर लायन राम किशोर गर्ग की सद्भावना यात्रा होटल गैलेक्सी में धूम धाम से करवाई वर्ष पर्यन्त किए हुए सेवा कार्यों की गवर्नर राम किशोर गर्ग ने सराहना की क्लब के डायरेक्टर लायन अरुण बलाई और अध्यक्ष उषा गर्ग ने बताया इस समय पूर्व प्रांतपालों का प्रांत की प्रथम महिला गवर्नर सेवाभाव में मदर टेरेसा के नाम से जानी जाती लायन सुशीला बोहरा जी पूर्व मल्टीपल डॉक्टर संजीव जैन पूर्व प्रांतपाल लायन सुरेश गोयल पूर्व प्रांतपाल डॉक्टर डी एस चौधरी जी का माला साफा शॉल मोमेंटो देकर सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लायन ललित पारवानी थे इस अवसर में गेस्ट में लायन नीता जैन डॉक्टर पूजा राजपुरोहित डॉक्टर ज्योत्सना व्यास सिद्धि जौहरी आर्मी स्कूल की प्रधानाचार्य डॉली मैडम मुक्ता माथुर थी कार्यक्रम में श्वेता बलाई का गवर्नर द्वारा सम्मान हुआ लायन अशोक मित्तल त्रिलोक मेहरा नरेंद्र शर्मा संजय भंडारी नरेंद्र चौहान कार्यक्रम में मंजुला अरोड़ा नीतू विधानी शशि बाहेती माला राठौड़ गीता खेतानी श्रद्धा नहर रीटा सोनी भूमि कृपलानी सीमा जी जज साहिबा मोना हरवानी पूनम अग्रवाल जोधपुर की प्रथम फोटो ग्राफर मोनिका सेन तेज कंवर लेडी रॉकस्टार योगिता भाटी किरण बिहानी शएशि मेहता शशि बाहेती दमयंती अग्रवाल उमा गर्ग अरुण बोराणा अध्यक्ष,जोन अनिल चौधरी राजेश अग्रवाल बनकट सिंह सीताराम राठी, जगदीश सोनी दुर्गेशनंदनी संजीव व्यास जी आशीष कनोजिया उत्तम भंसाली अभिषेक शर्मा के साथ 30 और लोगों का सम्मान हुआ कार्यक्रम में संदीप जी सरिता सिंह सभी का सम्मान हुआ इस अवसर में 3 नए सदस्य बनाए गए अमित पेड़ीवाल,अभिलेश वडेरा नरेंद्र शर्मा को सेवा की शपथ दिलवाई और अरुण बलाई उषा गर्ग को इंटरनेशनल सर्टिफिकेट और सभी को एप्रिशिएशान पिन से सम्मानित किया 2 मेंबर्स की स्पॉन्सर योगिता भाटी थी 2 मेंबर अरुण बलाई ने बनाया इनको गवर्नर राम किशोर गर्ग ने शपथ दिलवाई मनीष व्यास का भी सम्मान हुआ इस अवसर पर आए हुए मीडिया अधिकारियों का भी सम्मान किया गया श्वेता बलाई ने धन्यवाद दिया।

### हड़ताल पर रहे खाद- बीज व्यापारी, लंबित मांगों के समर्थन में बंद रखें प्रतिष्ठान



**चमकता राजस्थान/खरगोन।** अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को कृषि आदान व्यापारियों ने एकजुटता दिखाई। कृषि आदान विक्रेता संघ के आ''ान पर जिलेभर में प्रतिष्ठान बंद रखे। खाद- बीज, कीटनाशक की बिक्री पर पूरी तरह रोक रही।व्यापारी सुबह सब्जी मंडी पार्क में एकत्रित हुए। यहां से बाईक रैली के रुप में कलेक्ट्रेट एवं विधायक कार्यालय पहुंचे। अलग- अलग ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि उनकी जायज मांगों पर ध्यान नही दिया गया तो आगामी समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल को बाध्य होंगे। संघ के प्रदेश पदाधिकारी विनोद जैन, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चावला ने बताया कि पिछले एक दशक से लगातार अपनी समस्याएं उठा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

यह है मांगें उर्वरक कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों की कि जा रही टेंकिंग बद की जाए। खाद की आपूर्ति सीधे विक्रय केंद्र तक सुनिश्चित करें। परिवहन लागत का बोझ व्यापारियों पर न डालें। उर्वरकों पर न्यूनतम 8 प्रतिशत मार्जिन तय करने की मांग भी उठाई गई है। इसके अलावा सैंपल फेल होने पर संबंधित फर्म को दोषी बनाने एवं विक्रेता को गवाह बनाए जाने की मांग की। व्यापारियों ने साथी पोर्टल को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक बनाने की मांग रखी है। इसके अलावा अन्य मांगें शामिल है।

### महिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**चमकता राजस्थान/खरगोन**/महिला आरक्षण बिल जो वास्तव में परिसीमन बिल था को लेकर सरकार द्वारा जो भ्रामकता फैलाई जा रही है उसके विरोध में एवं वर्ष 2023 में लागू आरक्षण कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग को लेकर खरगोन महिला कांग्रेस द्वारा एवं गेहूं चना खरीदी केंद्रों पर किसानों की समस्याओं को लेकर जिला किसान कांग्रेस द्वारा आज दिनांक 28 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:30 बजे स्थानीय श्री कृष्णा टॉकीज पर विरोध प्रदर्शन कर रैली के माध्यम अनुविभागीय कार्यालय तक प्रदर्शन कर श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय को महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार एवं महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा जावेगा किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष परसराम पाटीदार ने खरगोन जिले के किसानों एवं महिला कांग्रेस नेत्री श्रीमती नीमा गौर ने महिलाओं से अपील की है कि उक्त विरोध प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता कर शासन प्रशासन को मजबूर किया जा सके कि वह किसान एवं महिलाओं के साथ न्याय करें और तत्काल प्रभाव से वर्ष 2023 के महिला आरक्षण कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करें उक्त जानकारी के माध्यम से जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई द्वारा दी गई।

## लखीसराय जिलाधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार जी ने समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

चमकता राजस्थान



**लखीसराय से सौरव कुमार।** जिला पदाधिकारी, लखीसराय श्री शैलेंद्र कुमार जी द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयों के कार्यों की प्रगति, व्यवस्था एवं जनसेवा से संबंधित प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करना था` निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिला स्थापना शाखा, सामान्य शाखा, नजारत शाखा, जिला पंचायती राज कार्यालय, निर्वाचन शाखा, नीलाम शाखा, भू अर्जन कार्यालय, राजस्व शाखा तथा ट्रेजरी कार्यालय सहित अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं का भ्रमण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने सभी कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, उन्होंने कार्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री नीरज कुमार, उप विकास आयुक्त श्री सुमित कुमार, स्थापना उपसमाहर्ता श्री शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, नजारत उपसमाहर्ता सुश्री प्राची कुमारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री पिंटू कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा पर सवालः-रिक्की सिंह हंतरा

# सचिन पायलट पर भाजपा प्रदेश प्रभारी द्वारा अशोभनीय टिप्पणी पर महिला कांग्रेस का प्रहार : सार्वजनिक माफी की करी मांग

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट को लेकर की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी पर राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महिला कांग्रेस की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने बयान जारी कर इसे न केवल एक जनप्रिय नेता का अपमान, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक मर्यादाओं पर सीधा प्रहार बताया।हंतरा ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब जनहित, मुद्दों और विचारधारा की बजाय अपमान और व्यक्तिगत हमलों पर आधारित होती जा रही है। जब भाजपा के पास जनता से जुड़े सवालों का जवाब नहीं होता, तब वह निम्नस्तरीय भाषा और व्यक्तिगत आरोपों का सहारा लेकर राजनीतिक विमर्श को दूषित करती है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत है।उन्होंने कहा कि सचिन पायलट केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि युवाओं की उम्मीद, ईमानदारी, सच्चाई और जनविश्वास के प्रतीक हैं। ऐसे स्वच्छ छवि वाले व्यक्तित्व पर की गई टिप्पणी निंदनीय ही नहीं, बल्कि अस्वीकार्य भी है।

● **लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा पर सवालः-रिक्की सिंह हंतरा**

रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति में बढ़ती विषाक्त भाषा लोकतंत्र की आत्मा को कमजोर कर रही है। लोकतंत्र की असली ताकत सम्मानजनक संवाद, मर्यादित भाषा और जनहित केंद्रित राजनीति में निहित है, लेकिन भाजपा लगातार इन मूल्यों को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन व्यक्तिगत हमले और अपमानजनक बयान लोकतांत्रिक संस्कृति के खिलाफ हैं। इस तरह की बयानबाजी समाज और राजनीति दोनों के लिए घातक है।

● **महिला कांग्रेस की प्रमुख मांगें**

(1). भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास तत्काल अपने बयान पर सार्वजनिक माफी मांगें।(2). भाजपा राजनीतिक संवाद की गरिमा और मर्यादा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताए।(3). व्यक्तिगत आरोपों के बजाय मुद्दों और समाधान आधारित राजनीति को बढ़ावा दिया जाए।हंतरा ने स्पष्ट कहा कि देश अपमान नहीं, समाधान चाहता है। जनता अब ऐसी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी, जो मुद्दों से ध्यान भटकाकर केवल बयानबाजी और व्यक्तिगत हमलों पर टिकी हो।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की अशोभनीय टिप्पणियों का सिलसिला नहीं रुका तो महिला कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध और तेज करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी सिक्किम पहुंचे, भव्य स्वागत



**गंगटोक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार दोपहर दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचे। वे राजधानी के निकट लिबिंग आर्मी हेलीपैड पर उतरे, जहां उनका मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डीआर थापा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी रोड शो के जरिए लोक भवन की ओर आगे बढ़ रहे हैं। सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए हैं और पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाकर उनका स्वागत कर रहे हैं। लोग उत्साहपूर्वक नारे लगाकर प्रधानमंत्री का अभिवादन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे है। लोग सुबह से ही उनके स्वागत के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम आए हैं। कल वे सिक्किम के राज्यत्व के 50वें वर्ष के समापन समारोह में भाग लेंगे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित, 31 जुलाई अंतिम तारीख

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो प्रतिवर्ष देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो वीरता, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के पात्र हैं। बयान के मुताबिक देश में रहने वाला कोई भी भारतीय नागरिक, जिसकी आयु 31 जुलाई 2026 को 5 से 18 वर्ष तक हो, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से https://awards.gov.in पर स्वीकार किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और अनुशंसा, दोनों पर विचार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर जा सकते हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर शिमला पहुंचीं



**शिमला।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को अपने पांच दिवसीय हिमाचल प्रदेश दौरे पर शिमला पहुंच गईं। राजधानी शिमला स्थित अनाडेल हेलीपेड पर प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति के शिमला पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेश कश्यप और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सेना की ओर से आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रेक) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया। शिमला पहुंचने के बाद राष्ट्रपति सीधे मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास के लिए रवाना हो गईं, जहां वे अपने प्रवास के दौरान ठहरेंगी। यह दौरा राष्ट्रपति के ग्रीष्मकालीन प्रवास का हिस्सा है, जो 27 अप्रैल से 1 मई तक चलेगा।

### नीति आयोग के सदस्य गोबर्धन दास ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नीति आयोग के सदस्य प्रो. गोबर्धन दास ने सोमवार सुबह मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि प्रो. दास का जीवन संघर्षों से भरा रहा है, जिसने समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाया है। यह समर्पण उनके कार्यों में स्पष्ट रूप से झलकता है और उनके अनुभव एवं विद्वता से देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने शुक्रवार को नीति आयोग की नई पूर्णकालिक टीम की घोषणा की थी। इसमें वरिष्ठ अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# मछुआरों ने पकड़ा श्रीलंकाई समुद्री लुटेरा, पुलिस के हवाले किया

एजेंसी

**नागपट्टिनम।** तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले में पहली बार ऐसा मामला सामने आया है, जब स्थानीय मछुआरों ने उन पर हमला करने आए एक श्रीलंकाई समुद्री लुटेरे को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वर्षों से तमिलनाडु के मछुआरे श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों के हमलों, लूटपाट और उत्पीड़न का सामना करते रहे हैं, लेकिन इस तरह किसी लुटेरे का मछुआरों के हाथों पकड़ा जाना पहली बार बताया जा रहा है।

दरअसल, नागपट्टिनम जिले के सेरुदूर गांव के निवासी शक्तिमयिल (40), अभिमन (30), बालसुब्रमणियन (30), पलनीसामी (29) और कन्याकुमारी जिले के उवरी क्षेत्र के निवासी अबी (28) 25 अप्रैल को दोपहर लगभग 12 बजे एक फाइबर नाव से मछली पकड़ने के लिए समुद्र में निकले थे। 26 अप्रैल की रात करीब 11 बजे ये सभी मछुआरे आर्काट्टुथुरै के दक्षिण-पूर्व में लगभग 9 नॉटिकल मील की दूरी पर समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार फाइबर नाव में सवार तीन संदिग्ध लोग वहां पहुंचे। उन्होंने मछुआरों द्वारा डाले गए जाल को काटने की कोशिश की, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प शुरू हो गई।



झड़प के दौरान तमिलनाडु के मछुआरों ने बहादुरी दिखाते हुए एक हमलावर को पकड़ लिया, जबकि उसके दो अन्य साथी अपनी नाव लेकर मौके से फरार हो गए। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर पता चला कि वे तीनों लूटपाट के इरादे से वहां पहुंचे थे। आगे की पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अयंथन (27) बताया। उसने बताया कि वह श्रीलंका के कांगेसंथुरै क्षेत्र का निवासी है। चूंकि वह तमिल भाषा बोलता था, इसलिए मछुआरों ने उससे बातचीत कर पूरी जानकारी हासिल की और उसे सेरुदूर के मछली उतारने वाले घाट पर ले आए।

घटना की सूचना मिलते ही कीलाईयूर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपित और उसके फरार साथी पहले भी ऐसी घटनाओं में शामिल रहे हैं या नहीं।

समुद्र में हुई झड़प के दौरान अयंथन के दाहिनी आंख के ऊपर भौंह के पास, सिर के बाएं हिस्से में चोट लगी, जबकि माथे पर सूजन भी आ गई। उसकी हालत को देखते हुए उसे इलाज के लिए नागपट्टिनम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया।

स्थानीय मछुआरों का कहना है कि श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों द्वारा इस तरह के हमले लंबे समय से होते रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका और सुरक्षा दोनों प्रभावित होती हैं। ऐसे में इस बार एक लुटेरे का पकड़ा जाना मछुआरों के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है। यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इतिहास में पहली बार तमिलनाडु के मछुआरों पर हमला करने वाला एक श्रीलंकाई समुद्री लुटेरा जिंदा पकड़ा गया है। इससे भविष्य में समुद्री सुरक्षा को लेकर प्रशासन की कार्रवाई और अधिक सख्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# प्रधानमंत्री आज मेघालय में इनडोर क्रिकेट एकेडमी का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी

**शिलांग।** मेघालय क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) की कुरकालंग स्थित इनडोर क्रिकेट एकेडमी का औपचारिक उद्घाटन 28 अप्रैल को किया जाएगा। इसके साथ ही, पूर्वोत्तर के छह राज्यों में इनडोर स्टेडियमों का भी बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिक्किम से वर्चुअली (ऑनलाइन) करेंगे। यह इस क्षेत्र में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक समन्वित प्रयास का प्रतीक है। एमसीए के अध्यक्ष जेम्स पीके संगमा ने सदस्यों और सहयोगियों को कुरकालंग स्थित इस सुविधा केंद्र पर आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने इसे राज्य में क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है।

इस एकेडमी का उद्घाटन, पिछली सरकार के कार्यकाल में निर्माण में हुई देरी के बाद इसे पूरा करने के प्रयासों का ही परिणाम है। एमसीए अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि मैंने एकेडमी के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करवाने के लिए मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। मैं उनका आभारी हूं कि उनके हस्तक्षेप के कारण ही, यह इनडोर क्रिकेट एकेडमी अब उद्घाटन और उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस सुविधा केंद्र को चालू करने से पहले एक बड़ी बाधा बिजली की कमी थी। मेघालय एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड से मात्र 12 दिनों के भीतर बिजली का कनेक्शन प्राप्त कर लिया गया, जिससे अंतिम तैयारियां समय पर पूरी की जा सकीं।

एमसीए अध्यक्ष ने इस उद्घाटन को राज्य और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सचमुच बड़े सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री स्वयं इस इनडोर क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन कर रहे हैं। इस क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में, यह हमारे राज्य और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए सामूहिक रूप से बहुत मायने रखेगा।

जेम्स पीके संगमा ने बताया कि इस केंद्र पर प्रशिक्षण और विकास संबंधी गतिविधियों की योजना बनाने के लिए, आंतरिक समितियों (जिसमें पूर्व खिलाड़ियों का एक क्रिकेट सलाहकार समूह भी शामिल है) के साथ चर्चाएं पहले से ही जारी हैं।

गुजरात में आम आदमी पार्टी को झटका

# प्रदेश महासचिव सागर रबारी ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव की मतगणना पूरी होने से पहले आम आदमी पार्टी (आआपा) को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश महासचिव सागर रबारी ने अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। हाल ही में राजू करपाड़ा के पार्टी छोड़ने के बाद अब सागर रबारी के इस्तीफे से संगठन को बड़ा नुकसान माना जा रहा है।



सागर रबारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने लिखा कि मैं आज आम आदमी पार्टी के साथ अपनी यात्रा यहीं समाप्त करता हूं। पार्टी की सदस्यता, पद और जिम्मेदारियों से खुद को मुक्त करता हूं। अब तक मिले सहयोग के लिए सभी साथियों का हृदय से आभार। खुद को किसान नेता के रूप में स्थापित कर चुके सागर रबारी पार्टी के मजबूत स्तंभ माने जाते थे। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों के मुद्दों को उठाने में उनकी अहम भूमिका रही है। राजु करपड़ा के बाद अब उनके इस्तीफे से पार्टी की आगामी चुनावी रणनीति पर असर पड़ सकता है।

हालांकि, सागर रबारी अब किस पार्टी में शामिल होंगे या उनका अगला कदम क्या होगा, इस पर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन उनके इस्तीफे के बाद गुजरात की राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

# कांग्रेस ने आआपा के बागी सांसदों के भाजपा में विलय को बताया जनता के साथ धोखा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन द्वारा आम आदमी पार्टी (आआपा) के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दिए जाने को जनता के साथ धोखा बताया है।

कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि इन सांसदों की श्रेणी अब आम आदमी से बदलकर भाजपा की श्रेणी में कर दी गई है और राज्यसभा ने इसे अधिसूचित कर दिया है। साल 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल 6.6 प्रतिशत वोट मिले थे और उसके सिर्फ दो विधायक बने थे। इसके बावजूद अब राज्यसभा में भाजपा का प्रतिनिधित्व 85.7 प्रतिशत हो गया है, यानी पंजाब से सात में से छह सांसद भाजपा के हैं।



उन्होंने सवाल उठाया कि नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेता पंजाब की जनता को यह कैसे समझाएंगे। भाजपा पंजाब के लोगों को यह कैसे समझाएगी कि जिस पार्टी को विधानसभा में सिर्फ 6.6 प्रतिशत वोट मिले उसका राज्यसभा में प्रतिनिधित्व 85.7 कैसे हो गया।

उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में भाजपा ने ठीक वही किया है, जो अलगाववादी ताकतें सिद्ध करना चाहती हैं। पंजाब में गैंगवार हो रहे हैं, ड्रोन से ड्रग्स पहुंचाए जा रहे हैं और हालात 80 के दशक जैसे हो गए हैं। इतिहास गवाह है कि जब भी अलगाववादी ताकतें सक्रिय होती हैं तो उससे पहले ड्रग्स का प्रसार और अपराध बढ़ता है।

### भाजपा की बी टीम है आम आदमी पार्टी

माकन ने कहा कि आआपा भाजपा की बी टीम है और इसके नेता देशद्रोही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आआपा ने योग्य लोगों को राज्यसभा में भेजने के बजाय धनकुबेरों को धन के आधार पर भेजा। उन्होंने कहा कि साल 2017 में सुशील गुप्ता ने कांग्रेस छोड़कर आआपा जॉइन की और बाद में राज्यसभा सदस्य बने। माकन ने दावा किया कि आआपा के सात सांसदों के एफिडेविट देखने पर पता चला कि उनकी औसत नेटवर्थ 818 करोड़ रुपये से अधिक है। माकन ने आरोप लगाया कि आआपा और अरविंद केजरीवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को बदनाम करने की साजिश रची। जब भाजपा इन नेताओं के खिलाफ कुछ नहीं कर पा रही थी, तो उसने आआपा को एक प्रॉक्सी के रूप में आगे किया। अब आआपा वहीं चुनाव लड़ती है, जहां कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला होता है, ताकि कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

# चारधाम यात्रा के लिए एलपीजी आपूर्ति बनाए रखने का आग्रह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भेंट कर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्रैल से नवंबर तक चलने वाली चारधाम यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचते हैं, जिससे व्यावसायिक एलपीजी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस अवधि में राज्य को करीब 9,67,949 व्यावसायिक सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना आवश्यक है।



पुष्कर सिंह धामी ने जून से सितंबर के बीच मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में एलपीजी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने इस अवधि के लिए लगभग 5 प्रतिशत अतिरिक्त (करीब 48,397 सिलेंडर) आवंटन सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था मुख्यतः पर्यटन, विशेषकर धार्मिक और साहसिक पर्यटन पर आधारित है। चारधाम यात्रा राज्य की आस्था, सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार है, इसलिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### मप्र के नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाइवे पर हादसा, पांच की मौत

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाइवे पर आंचलखेड़ा के पास रविवार देर रात टवेरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में टवेरा सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 6-7 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा रविवार देर रात करीब 1 बजे हुआ। पीड़ित महेंद्रवाड़ी व माखननगर के रहने वाले हैं। सभी गांव के राघनेद्र मोरप्पा की शादी में बुधनी गए थे। सभी लोग रात में महेंद्रवाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी वाहन की भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि क्रॉसिंग के दौरान टवेरा ट्रॉली के साइड से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टवेरा के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ लग गई। फिलहाल शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**उच्च सदन** राज्यसभा में एनडीए की बढ़ी ताकत, भाजपा के सांसदों की संख्या हुई 113

# सभापति ने आप सांसदों के विलय को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ताकत और बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी (आआपा) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा समेत सात सांसदों को राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसके बाद राज्यसभा में भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है।



सोमवार को राज्यसभा सचिवालय द्वारा सदन में सभी दलों के सांसदों की अद्यतन सूची जारी की गई, जिसमें इन सातों नेताओं के नाम भाजपा सांसदों की सूची में शामिल कर दिए गए। इससे भाजपा को उच्च सदन में और अधिक राजनीतिक मजबूती मिली है।

उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल को आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सांसदों में राघव चड्ढा, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप कुमार पाठक, डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता शामिल हैं। ये सभी अब आधिकारिक रूप से भाजपा संसदीय दल का हिस्सा बन चुके हैं।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा, 'राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भाजपा में विलय को स्वीकार कर लिया है। अब राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी भाजपा संसदीय दल के सदस्य हैं।'

### रिजिजू ने इन सांसदों की कार्यशैली को सराहा, 'टुकड़े-टुकड़े' गठबंधन को अलविदा कहने की बात भी कही

रिजिजू ने इन सांसदों की कार्यशैली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उन्होंने देखा है कि इन सात सांसदों ने कभी भी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया और न ही कोई अनुशासनहीन या गैर-संसदीय आचरण किया। उन्होंने इसे सकारात्मक राजनीति का उदाहरण बताया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सभी का स्वागत है। साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए 'टुकड़े-टुकड़े' गठबंधन को अलविदा कहने की बात भी कही।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस घटनाक्रम से राज्यसभा में भाजपा की स्थिति और मजबूत होगी तथा आगामी विधायी कार्यों में पार्टी को रणनीतिक लाभ मिल सकता है। विशेष रूप से ऐसे समय में जब संसद के उच्च सदन में संख्या बल कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने में निर्णायक भूमिका निभाता है, यह बदलाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### मोहम्मद अजहरुद्दीन और एम. कोदंडराम ने विधान परिषद सदस्य के रूप में ली शपथ

एजेंसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन और तेलंगाना जन समिति (टीजेएस) के अध्यक्ष एम. कोदंडराम ने सोमवार को तेलंगाना विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) के रूप में शपथ ग्रहण की। दोनों नेताओं को हैदराबाद में आयोजित समारोह के दौरान विधान परिषद के अध्यक्ष गुत्ता सुकेंदर रेड्डी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विधान परिषद के उपाध्यक्ष बंदा प्रकाश, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू सहित कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान दोनों नेताओं को बधाई दी गई और उनके राजनीतिक योगदान की सराहना की गई। दरअसल, राज्य की कांग्रेस सरकार ने रविवार को एक गजट अधिसूचना जारी कर मोहम्मद अजहरुद्दीन और एम. कोदंडराम को राज्यपाल कोटे के तहत विधान परिषद का सदस्य नामित किया था। इसके बाद उनके एमएलसी बनने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया।

### ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार के 15वें संस्करण का दूसरा दिन

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया जीआईटीबी एग्जीबिशन का उद्घाटन

चमकता राजस्थान





**जयपुर।** ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार (जीआईटीबी) के 15वें संस्करण के दूसरे दिन, सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रिबन काटकर एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एग्जीबिशन का अवलोकन करते हुए विभिन्न राज्य स्टेट बोर्ड्स, होटल समूहों, टूर ऑपरेटर्स और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, भुवनेश कुमार, आईएएस; सचिव - पर्यटन, राजस्थान सरकार, शुचि त्यागी; पर्यटन, कमिश्नर, राजस्थान सरकार, रुक्मणी रियार; पूर्व अध्यक्ष, फिक्की; मेंटर, फिक्की पर्यटन समिति और सीएमडी, द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप, डॉ. ज्योत्सना सूरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एग्जीबिशन में हेरिटेज, वेलनेस, स्पिरिचुअल, वाइल्डलाइफ और एक्सपीरियंस-आधारित टूरिज़्म से जुड़े विविध उत्पादों और सेवाओं को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा, ''वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद विश्वभर से ट्रैवल और ट्रेड प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि भारत और राजस्थान के पर्यटन में व्यापक संभावनाएं हैं। यहां आए प्रतिनिधियों के साथ सार्थक संवाद हुआ, जिसमें फॉरेन टूरिस्ट्स की संख्या बढ़ाने और नए अवसर विकसित करने पर चर्चा हुई। आज का पर्यटक केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह संस्कृति, खानपान, परंपरा और जीवनशैली का वास्तविक अनुभव चाहता है। इसी दिशा में हमारा पर्यटन विभाग अनुभव-आधारित टूरिज़्म को बढ़ावा दे रहा है। यह एग्जीबिशन न केवल पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच है, बल्कि नए विचारों, साझेदारियों और निवेश संभावनाओं को आगे बढ़ाने का भी सशक्त माध्यम है।''

जीआईटीबी के 15वें संस्करण में 50 से अधिक देशों से आए 195 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटर्स बायर्स के रूप में भाग ले रहे हैं। आयोजन में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय, मेज़बान राज्य राजस्थान तथा विभिन्न राज्य पर्यटन बोर्ड्स, होटल्स, रिसा-ॅर्ट्स और डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनियों (डीएमसी) की सशक्त भागीदारी देखने को मिल रही है। बाज़ार के दौरान 10,000 से अधिक प्री-शेड्यूल्ड और संरचित इ2इ मीटिंग्स आयोजित की जा रही हैं, जो नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के साथ पर्यटन व्यवसाय के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। एग्जीबिशन में राज्य पर्यटन बोर्ड्स के पवेलियंस विशेष आकर्षण का केंद्र हैं, जहां राजस्थान, ओडिशा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, गोवा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों ने अपने विशिष्ट पर्यटन उत्पादों, सांस्कृतिक पहचान और नए अनुभव-आधारित ऑफरिंग्स को पेश किया है। इसके साथ ही लग्ज़री एवं हेरिटेज होटल चेन, रिसॉर्ट्स, एडवेंचर और वाइल्डलाइफ ऑपरेटर्स, वेलनेस सेंटर्स तथा ट्रैवल टेक्नोलॉजी कंपनियां भी अपने नवाचारों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रही हैं, जिससे यह मंच नए व्यावसायिक अवसरों और साझेदारियों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

**ट्रैवल एंड टूरिज़्म एक्सीलेंस अवॉर्ड्स**

जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आज ट्रैवल एंड टूरिज़्म एक्सीलेंस अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, अरविंद सिंह, क्ळ्अर (सेवानिवृत्त) के संबोधन के साथ हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश का पर्यटन क्षेत्र निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर दिया कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर प्रभावी नीतियों का निर्माण तथा उनका स्थानीय स्तर पर सुव्यवस्थित क्रियान्वयन पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अंतर्गत पर्यटन स्थलों पर प्रबंधन, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं का विशेष महत्व है। इस दौरान सचिव - पर्यटन, राजस्थान सरकार, शुचि त्यागी; पर्यटन, कमिश्नर, राजस्थान सरकार, रुक्मणी रियार और फिक्की पर्यटन समिति, चेयरमैन, रवि गोसाईं भी उपस्थित रहे। ट्रैवल एंड टूरिज़्म एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2026 के तहत विभिन्न श्रेणियों में फिक्की और राजस्थान टूरिज़्म द्वारा दो सेगमेंट्स में कुल 40 पुरस्कार प्रदान किए गए।

जीआईटीबी की सफलता और निरंतर विकास में विशिष्ट योगदान के लिए कई विशिष्ट व्यक्तियों -चीफ पैट्रन, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), श्री भीम सिंह; मैनेजिंग डायरेक्टर, ट्रैवल कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, श्री दीपक देवा; को-चेयरमैन, फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल, श्री सुरेंद्र सिंह शेखावत; पूर्व अध्यक्ष, एचआरएआर, राटो, फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर), श्री कुलदीप सिंह चंदेला; अध्यक्ष, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), श्री महेंद्र सिंह; पूर्व सचिव, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), श्री मोहन सिंह; पैट्रन, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), श्री खालिद खान; सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), श्री हेमंत मित्तल; तथा फिक्की राजस्थान काउंसिल के पूर्व चेयरपर्सन, स्वर्गीय श्री रणधीर विक्रम सिंह मंडावा को भी सम्मानित किया गया।

विजेताओं की सूची इस प्रकार है- टीबीओ टेक लिमिटेड को बेस्ट इ2इ ट्रैवल पोर्टल; मेकमायट्रिप को बेस्ट ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म इन ट्रैवल और कॉर्डेलिया क्रूज़ेज़ को लीडिंग डोमेस्टिक क्रूज़ लाइन का पुरस्कार मिला। सूर्यगढ़ जैसलमेर को बेस्ट लक्ज़री हेरिटेज होटल, सेंट रेजिस गोवा को सर्वश्रेष्ठ लक्ज़री रिसॉर्ट और ओबेरॉय गुड़गांव को बेस्ट बिज़नेस होटल चुना गया। रामबाग पैलेस जयपुर को बेस्ट वेडिंग होटल; मध्य प्रदेश को लीडिंग टूरिज़्म डेस्टिनेशन और छत्तीसगढ़ को बेस्ट इमर्जिंग टूरिज्म डेस्टिनेशन का सम्मान मिला। ओडिशा को पर्यटन विकास में उत्कृष्ट योगदान, गोवा को बेस्ट टक्ळए डेस्टिनेशन, गुजरात को बेस्ट डेस्टिनेशन मार्केटिंग कैंपेन और तमिलनाडु को बेस्ट कल्चर एंड हेरिटेज डेस्टिनेशन के लिए सम्मानित किया गया। कार्नोस्ती आयुर्वेद वेलनेस रिज़ॉर्ट को बेस्ट वेलनेस रिसॉर्ट; वाघोबा इकोलॉज और बेयरफुट एट हैवलॉक को बेस्ट सस्टेनेबल होटल्स का पुरस्कार मिला।

टूर ऑपरेटर श्रेणी में वीना वर्ल्ड को सर्वश्रेष्ठ आउटबाउंड टूर ऑपरेटर; रस्टिक ट्रैवल को सर्वश्रेष्ठ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर; शिखर ट्रैवल्स इंडिया प्रा. लि. और आईबेक्स एक्सपीडिशंस को सर्वश्रेष्ठ एडवेंचर टूर ऑपरेटर तथा क्रिएटिव ट्रैवल को सर्वश्रेष्ठ इनबाउंड टूर ऑपरेटर के रूप में सम्मानित किया गया। ट्रिपडड बाय ट्रैवलपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ टैक-आधारित ट्रैवल स्टार्टअप और विलेज वेयज़ को सर्वश्रेष्ठ रिस्पॉन्सिबल टूरिज़्म पहल का पुरस्कार मिला। विशेष सम्मान श्रीमती मीना तिलकराज (स्टोरीटैलक गाइड ऑफ इंडिया) को पर्यटन में विशेष योगदान और श्री अनिल चड्ढा, मैनेजिंग डायरेक्टर, आईटीसी होटल्स को लीडरशिप में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया।

राजस्थान श्रेणी में ओबेरॉय उदय विलास उदयपुर को सर्वश्रेष्ठ 5-स्टार होटल (विजेता) के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि फेयरमोंट जयपुर को (उपविजेता) का पुरस्कार प्रदान किया गया। 4-स्टार श्रेणी में महुआ बाग कुंभलगढ़ को (विजेता) के रूप में सम्मानित किया गया तथा द जय बाग पैलेस जयपुर को (उपविजेता) का सम्मान मिला। इसी प्रकार 1-3 स्टार श्रेणी में श्रीसिद्धपुरम कुंभलगढ़ को (विजेता) के रूप में सम्मानित किया गया और उत्सव कैंप सरिस्का को (उपविजेता) का पुरस्कार प्रदान किया गया। वेडिंग होटल श्रेणी में सूर्यगढ़ जैसलमेर को (विजेता) के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि मुंडोटा फोर्ट एंड पैलेस को (उपविजेता) का सम्मान मिला। रेस्टोरेंट श्रेणी में अंब्राई उदयपुर को (विजेता) के रूप में सम्मानित किया गया तथा टपरी जयपुर को (उपविजेता) का पुरस्कार प्रदान किया गया। हेरिटेज होटल श्रेणी में राजमहल पैलेस जयपुर को (विजेता) के रूप में सम्मानित किया गया और ताज फतेह प्रकाश पैलेस उदयपुर को (उपविजेता) का सम्मान मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत उपखंड अधिकारी शिवा जोशी को दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** रानी देश भर में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत संपूर्ण भारतवर्ष में गो हत्या समाप्त करने और गौ माता को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने को लेकर रानी नगर में आज संत नित्यानंद जी के सानिध्य में कई संतों एवं हजारों की संख्या में गो भक्तों द्वारा आज मंगलवार को श्री सुशील विहार अष्टापद जैन मंदिर से रवाना होकर उपखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राष्ट्रपति, एवं राज्यपाल के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी शिवा जोशी को दिया। गौ भक्तों द्वारा जुलूस के रूप में गौ हत्या बंद करो गौ हत्या बंद करो,, गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने के नारे लगाते हुए ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम गौ भक्त शैतान सिंह राजपुरोहित, भीमाराम चौधरी, भरत कुमार, मोहनलाल वैष्णव, अमृत माली दिनेश सिंह राजपुरोहित,किशोर सिंह राजपुरोहित, गोविंद कुमार चौधरी, नगराज देवासी, राजू सिंह, नगराज माली, घीसूलाल सितारा, हितेश भाटी, कमलेश सिंह राजपुरोहित, एडवोकेट गजेंद्र सिंह राजपुरोहित, जिगर सोनी, बाबूलाल वैष्णव,अशोक भाटी, जय खारवाल, विजय खारवाल, दिनेश चौधरी, विशाल चंदेल, जयंतीलाल जैन, प्रभु राम चौधरी,तथा शहर के कई निजी विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं महिला एवं पुरुष हजारों की तादात में गौ भक्त उपस्थित थे। पालिका प्रशासन द्वारा बाजार में पानी का छिटकाव किया गया। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था बनी रही।

### लीना शर्मा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान, महिला आरक्षण बिल लागू करने की उठी मांग



**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (महिला आरक्षण बिल) को शीघ्र लागू करवाने की मांग को लेकर आज महिलाओं द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी आवाज़ पहुंचाई गई।

यह कार्यक्रम अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा जी एवं राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह जी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर लीना शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस के नेतृत्व में महिलाओं ने पोस्ट ऑफिस जाकर पोस्टकार्ड भेजे और महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की मांग को मजबूती से उठाया। कार्यक्रम के दौरान सुमन, माया, सरिता, कमलेश, भारती, सवीना सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने ''आधी आबादी, पूरा हक'' के संकल्प को दोहराते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण बिल को जल्द लागू करना महिलाओं के अधिकार और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और इस मांग को लेकर आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

### इमरान कुरैशी बोलेः- सचिन पायलट की छवि पर टिप्पणी अस्वीकार्य

# सचिन पायलट पर भाजपा प्रदेश प्रभारी द्वारा अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का तीखा प्रहार

### भाजपा प्रदेश प्रभारी से सार्वजनिक माफी की मांग, लोकतांत्रिक मर्यादा पर उठाए सवाल

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।**
भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट को लेकर की गई कथित अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस सचिव इमरान कुरैशी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे केवल एक जनप्रिय नेता का अपमान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीतिक मर्यादाओं और संवाद की गरिमा पर सीधा हमला बताया।इमरान कुरैशी ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब मुद्दों, जनहित और वैचारिक बहस से हटकर व्यक्तिगत हमलों और अपमानजनक टिप्पणियों तक सीमित होती जा रही है। जब सरकार के पास जनता से जुड़े सवालों का जवाब नहीं होता, तब वह मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए निम्नस्तरीय बयानबाजी का सहारा लेती है। यह प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है।



**● सचिन पायलट की छवि पर टिप्पणी अस्वीकार्य**

कुरैशी ने कहा कि सचिन पायलट केवल एक राजनीतिक चेहरा नहीं, बल्कि युवाओं की उम्मीद, ईमानदारी, संघर्ष और जनविश्वास के प्रतीक हैं। ऐसे स्वच्छ छवि और जनप्रिय नेता के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी निंदनीय ही नहीं, पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह हो सकता है, लेकिन व्यक्तिगत अपमान किसी भी लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा नहीं हो सकता।

**● लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा पर सवाल**

प्रदेश कांग्रेस सचिव ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति में बढ़ती विषाक्त भाषा लोकतंत्र की आत्मा को कमजोर कर रही है। लोकतंत्र की मजबूती सम्मानजनक संवाद, मर्यादित भाषा और जनहित केंद्रित राजनीति में निहित है, लेकिन भाजपा लगातार इन मूल्यों को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन व्यक्तिगत हमले और अपमानजनक बयान समाज और राजनीति दोनों के लिए घातक हैं। ऐसी बयानबाजी राजनीतिक संवाद के स्तर को गिराने के साथ सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करती है।

**● देश के समर्पित उर्जावान युवाओं का अपमान नहीं, समाधान चाहता हैः इमरान कुरैशी**

इमरान कुरैशी ने कहा कि जनता अब ऐसी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी, जो मुद्दों से ध्यान भटकाकर केवल बयानबाजी और व्यक्तिगत हमलों पर टिकी हो। उन्होंने कहा, ''देश अपमान नहीं, समाधान चाहता है।''उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की अशोभनीय टिप्पणियों का सिलसिला नहीं रुका तो प्रदेश कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध और तेज करेगी।राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह विवाद प्रदेश की राजनीति में बढ़ते वाकयुद्ध और संवाद के गिरते स्तर को भी उजागर करता है, जिस पर सभी दलों को गंभीरता से मंथन करने की आवश्यकता है।

### मेड़ता रोड में उर्स-ए-ताजुश्शरिया पर लगा निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** उर्स-ए-ताजुश्शरिया के पावन अवसर पर मेड़ता रोड क्षेत्र में सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए एक भव्य निशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कस्बे के नेहरू बाल माध्यमिक विद्यालय, सुभाष नगर (100 नंबर गेट के पास) में आयोजित हुआ, जहां सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर का आयोजन श्रीराम हॉस्पिटल, महामंदिर ब्रांच, जोधपुर के सहयोग से तथा जमाअत रजा-ए-मुस्तफा, बरेली (शाखा मेड़ता रोड) के तत्वावधान में किया गया। कैंप में करीब 300 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच कर उचित परामर्श दिया गया।

इस दौरान बीपी, शुगर और ईसीजी जैसी जरूरी जांचें पूरी तरह निशुल्क की गईं। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. प्रदीप पंवार, डॉ. रवि इनाणिया (लैप्रोस्कोपिक सर्जन एवं पाइल्स विशेषज्ञ), डॉ. प्रकाशचंद चौधरी (गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ), डॉ. अनंत व्यास (प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन), डॉ. रविंद्र पुरोहित (मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ), डॉ. एन.के. वैष्णव (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. देवेंद्र बि-हाडे (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. पुनीत कुमार सोनी (मनोचिकित्सक) एवं डॉ. प्रतिभा चौधरी (दंत रोग विशेषज्ञ) सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

कैंप में जनरल सर्जरी, हड्डी रोग, मूत्र रोग, ईएनटी, चर्म रोग, हृदय रोग, शिशु रोग और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श दिया गया। साथ ही पाइल्स, फिशर, हर्निया, अपेंडिक्स, पथरी, प्रोस्टेट, घुटनों व कमर का दर्द, त्वचा रोग, बाल झड़ना, सांस और छाती से जुड़ी समस्याएं, बच्चों के रोग तथा महिला-पुरुषों के गुप्त रोगों के लिए भी विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध कराई गई।

# जयपुर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का भव्य स्वागत, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बोलीं–कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार

चमकता राजस्थान





**जयपुर।** जयपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आगमन पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कनोडिया कॉलेज पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वयं उपस्थित रहकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने राजस्थान की समृद्ध संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, वहीं फूलों से राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। नितिन नबीन के जयपुर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिला, जिससे पूरा माहौल भाजपा के रंग में रंग गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि, ''राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार नितिन नबीन जी का राजस्थान आगमन हमारे लिए गौरव का विषय है। राजस्थान की यह पावन धरा हमेशा से अतिथि सत्कार और परंपराओं के लिए जानी जाती रही है। आज जिस प्रकार से कार्यकर्ताओं ने उत्साह दिखाया है, वह दर्शाता है कि संगठन की जड़ें कितनी मजबूत हैं।''

उन्होंने आगे कहा, ''नितिन नबीन जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और अधिक सशक्त होगी। उनका अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण निश्चित रूप से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उनका यह दौरा न केवल संगठन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रदेश के कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आने वाले समय में हम सभी मिलकर राजस्थान में विकास और सुशासन की दिशा में और अधिक मजबूती से काम करेंगे।''

इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म , जिलाध्यक्ष अमित गोयल, प्रदेश मंत्री अजीत मंडन सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929